*
ओड़िशा संस्करण
22 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 272
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही



वजु स्थल छोड़ कर ज्ञानवापी मस्जिद का साइंटिफिक सर्वे होगा

युवाओं के सपने हो रहे साकार सारथी बन रही झारखण्ड सरकार

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

कर्म कौशल प्रगति JSDMS

## मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत

# बिरसा योजना

(Block Level Institute for Rural Skill Acquisition)

एवं **रोजगार प्रोत्साहन भत्ता/परिवहन भत्ता** वितरण का

## शुभारंभ

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ महुआ माजी**
माननीया सांसद, राज्यसभा

**श्री संजय सेठ**
माननीय सांसद, लोकसभा, रांची

**श्री सी. पी. सिंह**
माननीय विधायक, रांची

**दिनांक : 22 जुलाई, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे**
**स्थान : आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय**



**योजना हेतु पात्रता (आयु)-**
- सामान्य वर्ग: 18-35 वर्ष
- एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग: 18-50 वर्ष तक

**बिरसा केंद्र-**
- प्रथम चरण में 80 प्रखण्डों में केंद्र की शुरुआत
- प्रखण्ड स्तर पर नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था

**रोजगार प्रोत्साहन भत्ता-**
- युवकों को ₹1,000 प्रतिमाह
- युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को ₹1,500 प्रतिमाह

(प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में भत्ता अधिकतम एक वर्ष के लिए DBT के जरिए)

**परिवहन भत्ता-**
- ₹1,000 प्रतिमाह

(गैर-आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र आने-जाने के लिये भत्ता DBT के जरिए)

**टोल फ्री नम्बर: 1800-123-3444**

P.R. 302946 (Labour Employment and Traning) 23-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,200 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# नीतीश बनने चले थे 'दूल्हा', बेंगलुरु में बन गये 'फूफा'

## ■ धराशायी हो गया सुशासन बाबू का विपक्षी एकता का नायक बनने का सपना

## ■ पटना में विपक्षी बैठक के बाद से ही शुरू हो गयी थी नीतीश कुमार की उपेक्षा

**बेंगलुरु में विपक्षी एकता की बैठक से नीतीश कुमार के अचानक बिहार लौटने पर चर्चाओं का दौर जारी है। नीतीश भले कह रहे हों कि वह राजगीर में मलमास मेले का उद्घाटन करने की वजह से लौटे, लेकिन यह अधूरा सच ही है। नीतीश कुमार ने हालांकि कह दिया है कि कहीं कोई नाराजगी नहीं है, लेकिन उनका रुख और बॉडी लैंग्वेज कुछ दूसरी कहानी बयां कर रहा है। विपक्षी नेताओं की प्रेस कांफ्रेंस से पहले ही उनके पटना लौटने की असल वजह क्या रही होगी, यह तो नीतीश कुमार जानें, पर उनकी राजनीति पर नजर रखनेवालों का कहना है कि दाल में कुछ काला जरूर है। असल में विपक्षी नेताओं की पहले पटना और फिर बेंगलुरु में हुई बैठक के दौरान नीतीश कुमार की जिस तरह उपेक्षा की गयी, उससे बिहार के सीएम खासे नाराज हैं। पिछले साल अगस्त से ही विपक्षी एकता की मुहिम चला रहे नीतीश कुमार ने कभी इस बात की कल्पना भी नहीं की थी कि उन्हें इस तरह नजरअंदाज किया जायेगा। पटना में जब उनके बदले लालू यादव को तरजीह दी गयी और फिर बेंगलुरु में पूरी कवायद का श्रेय कांग्रेस ले गयी, तब नीतीश को एहसास हुआ कि वह कांग्रेस और राजद के बीच फंस गये हैं। पटना में लालू यादव को पूरी मुहिम का श्रेय मिल गया और अब बेंगलुरु में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़ी सूक्ष्मता से नीतीश की तैयार जमीन पर अपना आधिपत्य जमा लिया। इतना ही नहीं, महागठबंधन के नाम को लेकर भी नीतीश कुमार की एक न चली। नाम के चयन में वाम दलों की भूमिका अहम दिखी। इसके अलावा बेंगलुरु में नीतीश कुमार को संयोजक बनाने को लेकर न कोई चर्चा हुई और न ही इस पर किसी ने कुछ कहा। नीतीश के नाराजगी के यही कारण हो सकते हैं और यह बात सही है कि उनकी नाराजगी पूरे विपक्षी एकता का बंटाधार कर सकती है। इस पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

विपक्षी नेताओं ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मंगलवार को बैठक कर अपने नये गठबंधन का नामकरण किया। विपक्षी नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर बड़ी-बड़ी बातें की और 'लोकतंत्र की हत्या' का आरोप लगाते हुए अगली विपक्षी बैठक मुंबई में होने की बात कही। इसी बीच खबर आयी कि नीतीश कुमार नाराज हो गये हैं। इन अटकलों को हवा तब मिली, जब नीतीश कुमार बिना प्रेस कांफ्रेंस अटेंड किये ही पटना के लिए निकल गये। प्रेस कांफ्रेंस में लालू यादव और तेजस्वी यादव भी नहीं दिखाई दिये। राजद ने गठबंधन को लेकर जो ट्वीट किया था, उसे भी हटा लिया। इसके बाद चर्चा चलने लगी कि आखिर नीतीश कुमार और लालू यादव किस बात से नाराज हैं? सबसे पहली बात तो यह छन कर सामने आयी कि गठबंधन का नया नाम रखने को लेकर नीतीश कुमार की सलाह को दरकिनार कर दिया गया। वह अंग्रेजी की बजाय हिंदी में कुछ नाम रखना चाहते थे।

नीतीश कुमार ने जब अन्य नेताओं को उनकी सलाह को दरकिनार करते हुए देखा, तो कह दिया कि ठीक है, अगर आपलोगों की यही इच्छा है तो कोई दिक्कत नहीं। लेकिन सबको पता है कि नीतीश कुमार जैसे नेता के लिए यह एक 'अपमानजनक' बात हो गयी। नीतीश कुमार 2005 से ही बिहार की सत्ता पर काबिज हैं और 2025 के विधानसभा चुनाव तक सत्ता में उनके दो दशक हो जायेंगे। उससे पहले वह केंद्र सरकार में मंत्री थे। भले ही इस दौरान उन्होंने कई बार पाला बदला है, लेकिन यह बात सच है कि विपक्षी दलों के गठबंधन में वह एकमात्र नेता हैं, जिनके खिलाफ न कोई आरोप है और न ही कोई जांच चल रही है। इतना ही नहीं, नीतीश कुमार पिछले 11 महीनों से विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए पहल कर रहे थे और इसके लिए उन्होंने दिल्ली से लेकर लखनऊ, भुवनेश्वर और चेन्नई तक का दौरा किया था। उन्होंने विपक्षी एकता का माहौल बनाया, लेकिन अंत में उन्हें ही किनारे कर दिया गया। पटना में विपक्ष की जो पहली बैठक हुई थी, उसकी मेजबानी भी नीतीश कुमार ने ही की थी। साथ ही उसमें विपक्षी नेता काफी हंसी-खुशी वाले माहौल में मिलते हुए दिखे थे। लेकिन बेंगलुरु में हुई दूसरी बैठक में यह नजारा नहीं दिखा। यहां प्रेस कांफ्रेंस में भी अधिकतर नेता मुंह बनाये हुए दिखे। ऊपर से नीतीश कुमार की गैर-मौजूदगी ने सबका ध्यान खींचा।




गठबंधन के नाम में सहमति न होने वाली तो एक बात है, दूसरी और सबसे बड़ी बात यह है कि विपक्षी गठबंधन का संयोजक कौन होगा, इस पर कोई एकराय नहीं बन पायी। नीतीश कुमार की इच्छा थी कि वह संयोजक बनाये जायें, लेकिन इसके लिए सभी दल राजी नहीं हुए। बताया जाता है कि अंत में भारत के चार अलग-अलग हिस्सों का प्रतिनिधित्व करते हुए चार संयोजक बनाये जाने की चर्चा चली, लेकिन छोटे विपक्षी दलों ने इस पर भी ऐतराज जताया। अंत में घोषणा कर दी गयी कि 11 सदस्यों की एक समिति बनेगी, जो न्यूनतम साझा कार्यक्रम का मसौदा तैयार करेगी और साथ ही संयोजक के नाम का एलान भी मुंबई की बैठक में किया जायेगा। इससे साफ है कि संयोजक बनने के लिए ही नीतीश कुमार 'नाराज फूफा' बन कर मुंह फुलाये हुए हैं।

नीतीश की राजनीति को करीब से जाननेवालों का कहना है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने नीतीश कुमार की सारी मेहनत को कांग्रेस पार्टी के खाते में डाल दिया। जिस तरह से बेंगलुरु में केसी वेणुगोपाल सक्रिय दिखे और कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी बड़े पैमाने पर रही, उससे साफ है कि नीतीश कुमार को ऐसा लग रहा है कि उनके हिस्से का श्रेय किसी और को मिल रहा है। नीतीश कुमार की बेचैनी के और भी कारण हैं। उन्हें पता है कि वह मुख्यमंत्री हैं और पुराने नेता हैं, लेकिन यह सच्चाई भी उन्हें मन ही मन पता ही है कि बिहार में उनकी पार्टी तीसरे नंबर की है और सांसदों या विधायकों की संख्या गिनी जाये, तो उनका कोई खास महत्व नहीं बनता। हालांकि उन्होंने भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश पूरी की। गठबंधन तोड़ कर फिर से राजद के साथ जा मिलने के बाद से ही वह लगातार उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ मिल कर राज्य-राज्य घूमते रहे।

नीतीश के पटना लौटने पर कुछ नेताओं ने कहा है कि उनकी उड़ान का समय हो गया था, इसीलिए वह चले गये थे। इस पर भी सवाल उठ सकते हैं कि ये नेता तो चार्टर्ड प्लेन से बेंगलुरु गये थे, फिर कैसा शिड्यूल? चार्टर्ड प्लेन का शिड्यूल तो फिर से तय किया जा सकता है। क्या ऐसे नेताओं के लिए पैसा कोई समस्या है? बिलकुल नहीं। चार्टर्ड प्लेन भी हो, तो ये दिन भर में 20 बार टिकट बुक कर सकते हैं। इसीलिए कांग्रेस पार्टी का यह बयान बिलकुल ही बचकाना लगता है कि नीतीश कुमार की फ्लाइट का समय हो गया था।

नीतीश कुमार की नाराजगी का तीसरा कारण बेंगलुरु में उनके खिलाफ पोस्टर लगाया जाना रहा। इन पोस्टरों में नीतीश कुमार सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बिहार में ध्वस्त हुए पुलों के बारे में भी बताया गया। बता दें कि बिहार में हाल ही में सुल्तानगंज और सहरसा समेत कई इलाकों में पुल ध्वस्त हुए हैं। कांग्रेस की सरकार के रहते इस तरह के पोस्टरों का लगना नीतीश कुमार को रास नहीं आया।

अब राजद और जदयू के नेता डैमेज कंट्रोल में जुटे हुए हैं। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने नीतीश कुमार को विपक्षी एकता का सूत्रधार बताते हुए कह दिया कि जिस व्यक्ति ने सबको साथ लाया हो, वह नाराज नहीं हो सकता। उन्होंने गठबंधन के नाम के पीछे भी सबकी सहमति होने की बात कही। इसी तरह राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने विपक्षी बैठक की सफलता की बात करते हुए कहा कि भाजपा 2024 में साफ हो जायेगी। इन पार्टियों के नेता लगातार साबित करने में लगे हुए हैं कि कोई मनमुटाव नहीं है।

यहां सवाल यह भी उठता है कि नीतीश कुमार के साथ-साथ लालू यादव और तेजस्वी यादव भी बैठक से क्यों चले गये? असल में लालू यादव की भी यही इच्छा है कि विपक्षी एकता गठबंधन का संयोजक नीतीश कुमार को बनाया जाये। वह चाहते हैं कि इसके बाद नीतीश कुमार सीएम की कुर्सी तेजस्वी यादव को दे दें। अपने बेटे के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी सुनिश्चित करने में ही लालू का सारा ध्यान है। खुद नीतीश कुमार भी तेजस्वी को भविष्य बता चुके हैं। अंत में सवाल यह भी उठ सकता है कि क्या नीतीश कुमार संयोजक का पद पाने और विपक्षी बैठकों में अटेंशन के लिए इस तरह की पैंतरेबाजी कर रहे हैं? ऐसे नेताओं द्वारा इस तरह के तिकड़म आजमाये जाते हैं, ताकि उनकी महत्ता बनी रहे। इससे मीडिया में चर्चा मिलती है और बाकियों के द्वारा मनाने की कोशिशें की जाती हैं। अब नीतीश कुमार को भी मनाने की कोशिश की जायेगी। हो सकता है कि वह गठबंधन के पक्ष में कोई बयान भी दे दें, लेकिन देखना यह है कि उनकी नाराजगी रहती है या वह संयोजक बनाये जाते हैं।

# खिलाड़ियों के लिए सरकार ने बेहतर खेल नीति बनायी है : हेमंत सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मलेशिया में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में चयनित झारखंड के सात दिव्यांग खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में चयनित सात दिव्यांग खिलाड़ियों को दी बधाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से चयनित दिव्यांग खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड से चयनित इन सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यहां के खिलाड़ियों के विकास के लिए एक बेहतर खेल नीति बनायी है। इस नयी खेल नीति का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मदद पहुंचाकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान देना है।

### राज्य सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है

इस अवसर पर मुलाकात करने पहुंचे पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी प्रतिमा तिर्की, अनीता तिर्की, तारामणि लकड़ा, असुंता टोप्पो, महिमा उरांव, जयश्री, सनोज महतो एवं कोच मुकेश कंचन से मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत परिचय लिया। मुख्यमंत्री ने चयनित खिलाड़ियों से कहा कि राज्य सरकार की ओर से आप सभी को हर संभव मदद दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप प्रतियोगिता में अपना शत-प्रतिशत दें, राज्य सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको आने वाले दिनों में कोई भी समस्या हो तो राज्य सरकार के साथ अवश्य समन्वय बनायें, नयी खेल नीति के तहत आपकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पैरा थ्रो बॉल एसोसिएशन झारखंड की सचिव सरिता सिन्हा एवं सोदाग पंचायत के मुखिया पतरस तिर्की उपस्थित थे।

### हाइकोर्ट को राज्य सरकार ने बताया

# 162 भू-माफियाओं के खिलाफ 190 केस दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में राज्य सरकार ने बताया कि 162 भू-माफियाओं के खिलाफ 190 केस दर्ज किये गये हैं। भू-माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाइ इकबाल की जमीन पर बने बाउंड्रीवाल को तोड़े जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई के दौरान शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से हाइकोर्ट को यह जानकारी दी। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता प्रत्युष चित्रेश ने कोर्ट को रांची शहर की पेट्रोलिंग प्लान की जानकारी दी।

कोर्ट को बताया गया कि शहर में 30 पीसीआर वैन 62 टाइगर मोबाइल, 15 हाई पेट्रोलिंग वाहन, 18 शक्ति कमांडो आदि सुरक्षा की व्यवस्था में लगाये गये हैं। पेट्रोलिंग पार्टी की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। साथ ही जगह-जगह पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पूरी रात नाइट पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गयी है। पूरी रांची में 17 जगहों पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग को लेकर बैरिकेडिंग की गयी है।

रांची जिले में 646 सीसीटीवी लगे हैं जबकि 536 स्मार्ट सीसीटीवी भी लगाये गये हैं। ट्रैफिक पुलिस सेल को 118 कॉलर कैमरा मुहैया कराया गया है, जिसमें एचडी कैमरा एवं ऑडियो विजुअल सुविधाएं सुविधा उपलब्ध करायी गयी हैं। सुरक्षा के मद्देनजर रांची जिले में 30 पीसीआर वैन, 62 टाइगर मोबाइल, 15 हाई पेट्रोलिंग वाहन, 18 शक्ति कमांडो तैनात रहते हैं।




कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई में क्राइम रिपोर्टिंग डाटा प्रस्तुत किया जाये। साथ ही सेक्सुअल ऑफेंस की घटनाओं के बारे में भी जानकारी देने को कहा है। मामले में रांची एसएसपी एवं गृह सचिव की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। उल्लेखनीय है कि 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक (डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड) के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओं ने तोड़ दिया। वहां तैनात गार्डों ने बाद में भू-माफियाओं ने खदेड़ दिया।

# मणिपुर पर बोलने वाले झारखंड, बंगाल की घटना पर भी मुंह खोलें: आरती कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर ने राज्य के सत्ताधारी ठगबंधन दलों पर कड़ा प्रहार किया। आरती ने कहा कि मणिपुर की घटना न सिर्फ मणिपुर के लिए बल्कि किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है, सच में घटना का वीडियो देख मन बहुत अक्रोशित हो गया है। देश के प्रधानमंत्री ने घटना में शामिल आरोपियों को कड़ी सजा देने का आदेश दिया है।

कहा कि राज्य की बहन-बेटियां, उनके माता-पिता मुख्यमंत्री से जानना चाहते हैं कि राज्य में 5500 से अधिक हुए बलात्कार, महिला उत्पीड़न, हत्या का जिम्मेवार कौन है? कहा कि मैं उन सभी नेताओं और राजनीतिक पार्टी से पूछना चाहती हूं केवल मणिपुर की घटना पर ही आप बोलोगे, इसलिए कि वहां बीजेपी की सरकार है। झारखंड की बेटी रूपा तिर्की की हत्या पर, दुमका की अंकिता पर, नाला की बेटी पर, चतरा की बेटी पर एसिड अटैक पर, रुबिका हत्याकांड पर, जिसमें एक बेटी की बेरहमी से बलात्कार करके हत्या कर दी जाती है और शव को कई टुकड़ों काट दिया जाता है। रांची की संध्या टोपनो की ड्यूटी के दौरान कुचलकर हत्या कर दी जाती है। बंगाल में विधानसभा चुनाव और अभी हाल के दिन में हुए पंचायत चुनाव में आम लोगों की हत्या की जाती है। बहन-बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या की जाती है। एफआइआर तक दर्ज नहीं किया जाता, उल्टे पीड़ितों को ही प्रशासन के द्वारा धमकी दिया जाता है। तब आप सब कहां चले जाते हैं। चुप क्यों हो जाते हैं। कहा कि राजनीति करने वालों से कहना चाहेंगे कि चाहे आप कितनी भी राजनीति कर लो किंतु मां बहनों के साथ हुए बर्बरता पर भेदभाव न करें।



# भाजपा शुचिता की राजनीति करती है : प्रतुल

**समय और सरकार बनाने का मौका देखकर भाजपा का भ्रष्टाचार के प्रति रवैया ना बदला है ना बदलेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि भ्रष्ट्राचार के मुद्दे पर विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन पूरे तरीके से एक्सपोज हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि लूट और खसोट के हमाम में सारे लोग नंगे प्रतीत हो रहे हैं। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जानना चाहा कि वह एक भी किसी दूसरे दल के नेता का नाम बतायें जो एनडीए गठबंधन में आया हो या जो भाजपा में शामिल हुआ हो जिसके ऊपर पहले से चल रहा कोई भी मामला वापस हुआ हो। प्रतुल ने कहा कि भाजपा मूल्य और सिद्धांत की राजनीति करती है। कालचक्र के बदलने के साथ भाजपा का नजरिया कभी नहीं बदलता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शायद यूपीए के कार्यकाल को याद करके बोल रहे थे जब झामुमो भी गठबंधन का हिस्सा हुआ करता था। उस समय न्यूक्लियर डील का समर्थन करने की एवज में मुलायम सिंह और समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं के ऊपर से केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा चल रहे मुकदमों को समाप्त कर दिया गया था।



www.epaper.azadsipahi.in

22 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 272

हमें नहीं चाहिए कोई पद, 2024 में भाजपा को हराना एकमात्र लक्ष्य : ममता बनर्जी






## सीएम ने विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की समीक्षा की

# पुलिस कार्यशैली सुधारे, नहीं तो होगी कार्रवाई: हेमंत सोरेन

- अधिकारियों को किया तलब, पूछा- पुलिस को जब मैंने काम करने की पूरी छूट दे रखी है, तो सफलता क्यों नहीं मिल रही है?



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर राज्य के वरीय पुलिस अधिकारियों को तलब किया। मुख्यमंत्री ने वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी। मुख्यमंत्री ने अगले 15 दिन के अंदर राज्य में विधि-व्यवस्था संधारण की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस अपनी कार्यशैली में सुधार करते हुए अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाये। अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित पुलिस अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अपराधियों ने विधि व्यवस्था संधारण को धत्ता बताते हुए कई जघन्य अपराध को अंजाम दिया है। किसी भी हाल में ऐसे अपराध स्वीकार्य नहीं हैं। वर्तमान समय में हो रही अपराधिक घटनाएं राज्य के लिए चिंता का विषय है। अपराधिक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त पुलिस बिना किसी दबाव के अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

**मुख्यमंत्री ने जतायी नाराजगी**

मौके पर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद राव लाटकर, आइजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर, एसपी एटीएस सुरेंद्र झा सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को साफ लहजे में कहा कि आपको अपराध पर नियंत्रण के लिए मेरे द्वारा खुली छूट दी हुई है, परंतु अपराध नियंत्रण पर सफलता क्यों नहीं मिल रहा है? मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों से वर्तमान समय में राज्य में हो रही अपराधिक घटनाओं एवं अपराध नियंत्रण के लिए उठाये कदम की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में राज्य के अंदर अपराध के चेहरे हर दिन बदल रहे हैं। नये-नये अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। कई अपराध सुनियोजित तरीके से किये जा रहे हैं। कुछ लोग राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पुलिस विभाग राज्य में सुनियोजित अपराधिक गतिविधियों एवं नये-नये अपराधों पर शिकंजा क्यों नहीं कस पा रही है, इस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जतायी। पुलिस अधिकारियों को सूचना तंत्र को मजबूत करने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए, कोताही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### हर हाल में अपराध पर नियंत्रण किया जाये: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशासन के समक्ष नयी-नयी चुनौतियां आ रही हैं। पुलिस विभाग इन चुनौतियों से निपटने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरते। अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, अपराधियों पर किसी भी बड़े समूह का आश्रय क्यों न प्राप्त हुआ हो, पुलिस बिना किसी दबाव के कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। किसी भी हाल में राज्य में अपराध का ग्राफ ऊपर नहीं जाना चाहिए। अपराधियों का मनोबल तोड़ने का काम पुलिस विभाग अवश्य करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपकी सूझबूझ, आपकी कार्यशैली, आपका सूचना तंत्र, आपकी क्रिएटिविटी एवं सतर्कता से अपराधिक घटनाओं पर तत्काल लगाम लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हो सकता है कि आने वाले समय में सुनियोजित अपराध की घटनाएं बढ़ेंगी, आपके सामने कई चुनौतियां भी आ सकती हैं, वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी पुलिस विभाग तैयार करे।

## न्यूज रील्स

### भाजपा जायबे वाली है, कांग्रेस आयबे वाली है: प्रियंका

ग्वालियर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि ये झांसी की रानी की धरती है। बड़े-बड़े यहां से महापुरुष हुए हैं, जिन्होंने अपने क्षेत्र के लिए अपनी धरती के लिए जी जान एक की। ग्वालियर वाले ए बारी मामा जी की भ्रष्ट सरकार बदलवे बारे हैं। एक बार हमारे संगे जोर से बोलो भाजपा जायबे वाली है, कांग्रेस आयबे वाली है। वह जनआक्रोश रैली को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान शिवराज सरकार से लेकर यहां के दिग्गज नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तीखे हमले किये।

### नीतीश कैबिनेट में सात नये चेहरों की चर्चा

पटना। बिहार की नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार होने वाला है। कैबिनेट विस्तार में अब तक 7 नये चेहरों को शामिल किये जाने की सूचना आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस कोटे में दो मंत्री पद जायेंगे। जेडीयू से भी दो मंत्री बनेंगे। उधर लालू यादव की राष्ट्रीय जनता दल से तीन नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है।

### जयपुर में भूकंप, 16 मिनट में तीन झटके

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर शुक्रवार को भूकंप से हिल गयी। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलोजी के अनुसार तीन झटके आये थे। भूकंप का पहला झटका 4:09 पर आया, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। दूसरा झटका 4:22 पर आया, जिसकी तीव्रता 3.1 और तीसरा झटका 4:25 पर आया, जो 3.4 तीव्रता का था। फिलहाल भूकंप से बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन पुलिस लाइन में जवानों के बीच ही भगदड़ मच गयी, इस दौरान कई जवान घायल हो गये।

# एटीएस के हत्थे चढ़े दो अपराधी, 50 लाख बरामद

- कुख्यात अमन श्रीवास्तव गिरोह के हैं दोनों अपराधी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एटीएस को गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। एटीएस ने शुक्रवार को अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो अपराधियों एजाज और एम. सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 50 लाख रुपये बरामद किये गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमन श्रीवास्तव गिरोह के दोनों अपराधी राजधानी के एक बड़े कारोबारी से रंगदारी के पैसे वसूल कर पतरातू जा रहे थे। इसी दौरान एटीएस ने उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों अपराधियों ने एटीएस को बताया है कि उनके बॉस अमन श्रीवास्तव के कहने पर वे लोग रांची के एक बड़े कारोबारी से यह रकम रंगदारी के तौर पर वसूल कर रामगढ़ जा रहे थे। मामले में एटीएस की कार्रवाई अभी भी जारी है। इसकी पुष्टि एटीएस के एक वरीय अधिकारी ने की है। कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएस ने 16 मई को मुंबई से गिरफ्तार किया था। गुप्त सूचना के आधार पर अमन श्रीवास्तव को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह मुंबई से सूरत भागने की फिराक में था। उसके खिलाफ रांची, रामगढ़, लोहरदगा, हजारीबाग और लातेहार जिले के अलग-अलग थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। अमन श्रीवास्तव फिलहाल रांची जेल में बंद है। बताया जाता है कि अमन श्रीवास्तव गिरफ्तारी से पहले वर्षों से अलग-अलग शहरों में पहचान छुपाकर रह रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि अमन श्रीवास्तव किसी भी जगह एक दिन से ज्यादा नहीं रुकता था। वह सिम कार्ड की भी एक बार ही इस्तेमाल करता था, ताकि पुलिस को उसकी लोकेशन ना मिले। उसने रंगदारी वसूलने के लिए गिरोह में 14 खास लोगों को लगा रहा था जिनमें आधा दर्जन लड़कियां थीं।

## वाराणसी जिला अदालत में हिंदू पक्ष का आवेदन मंजूर

# ज्ञानवापी परिसर का होगा एएसआइ सर्वे

- एएसआइ चार अगस्त तक रिपोर्ट दाखिल करे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वाराणसी।** वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी परिसर में वजूस्थल को छोड़कर परिसर के सर्वे वाली याचिका पर आदेश आ गया है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने मां श्रृंगार गौरी मूल वाद में ज्ञानवापी के सील वजूखाने को छोड़कर बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) से रडार तकनीक से सर्वे कराने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि एएसआइ बताये कि किस तरह से और कैसे सर्वे होगा कि ज्ञानवापी परिसर में किसी भी तरह का नुकसान न हो। सर्वे के संबंध में पूरी तैयारी के साथ एएसआइ 4 अगस्त तक रिपोर्ट दाखिल करे। इसके साथ ही मुकदमे की सुनवाई की अगली तिथि अदालत ने 4 अगस्त नियत की है। अदालत में हिंदू पक्ष की चार वादिनी रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी और सीता साहू की तरफ से बीते 16 मई को प्रार्थना पत्र दिया गया था। कहा गया था कि ज्ञानवापी में सील किये गये वजूखाना को छोड़कर बाकी क्षेत्र का एएसआइ से रडार तकनीक से सर्वे कराया जाये। इस पर 19 मई को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति की थी। 14 जुलाई को सुनवाई पूरी हो गयी थी। तब कोर्ट ने आदेश के लिए पत्रावली सुरक्षित रखते हुए सुनवाई के लिए 21 मई की तिथि तय की थी। जिला जज की अदालत में आवेदन मंजूर होने पर हिंदू पक्ष ने खुशी जताते हुए इसे बड़ी जीत करार दिया है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने कहा कि सर्वे से यह स्पष्ट हो जाएगा कि ज्ञानवापी की वास्तविकता क्या है। सर्वे में बिना क्षति पहुचाएं पत्थरों, देव विग्रहों, दीवारों सहित अन्य निर्माण की उम्र का पता लग जायेगा। वहीं, विपक्षी अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने सर्वे कराने के आवेदन का विरोध किया है। अपर जिला जज (नवम) विनोद कुमार सिंह की अदालत में गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाना में गंदगी फैलाने और शिवलिंग जैसी आकृति पर दिये गे विवादास्पद बयान के मामले में दाखिल निगरानी अर्जी पर सुनवाई हुई।

# चार बच्चियों की आहर में डूबने से मौत

- घर से स्कूल के लिए निकली थीं बच्चियां
- चप्पल और बस्ता गायब होने से पुलिस उलझी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्थित रामगढ़ थानाक्षेत्र अंतर्गत उलडंडा पंचायत के सरजा गांव में 4 बच्चियों की आहर में डूबने से मौत हो गयी। सभी बच्चियां गांव के ही नीलांबर-पीतांबर उच्च विद्यालय में एलकेजी में बढ़ती थीं। प्रारंभिक जांच में स्कूल के समीप बने पुराना आहर में डूबने से मौत की आशंका जाहिर की जा रही है। बच्चियां गुरुवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद से ही लापता थीं। रामगढ़ थाने की पुलिस की उपस्थिति में गुरुवार की देर शाम में चारों शवों को गड्ढे से निकाला गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन का कहना है कि छानबीन जारी है। जांच के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### मृत बच्चियों के पिता हैं प्रवासी श्रमिक

मृत बच्चियों के परिजनों ने बताया कि गुरुवार को भी चारों बच्चियां रोज की तरह सुबह स्कूल गयी थीं। दोपहर को 3 बजे स्कूल में छुट्टी हुई और सभी बच्चे घर लौट आये। ये चारों घर नहीं लौटीं। बच्चियों के इस प्रकार गायब होने से परेशान परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। देर शाम बच्चियों का शव आहर में मिला। मृत बच्चियों की पहचान 7 वर्षीय अराधना कुमारी, 5 वर्षीय पूजा कुमारी, 5 वर्षीय छाया खाखा और 5 वर्षीय शालिनी टोपनो के रूप में की गयी है। सभी बच्चियों के पिता प्रवासी श्रमिक हैं और मजदूरी के लिए दूसरे प्रदेशों में रहते हैं। घर में उनकी मां थी। परिजन को यह सवाल परेशान कर रहा है कि बच्चियां कब आहर की ओर गयीं। किन परिस्थितियों में चारों डूब गयीं।

### स्कूल से आहर तक कैसे पहुंचीं बच्चियां

स्कूल के प्रधानाध्यापक ने बताया कि 3 बजे छुट्टी के बाद सभी बच्चे अपने-अपने घर चले गये थे। चारों बच्चियां कब और कैसे आहर में पहुंचीं, कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने बताया कि मृतक चारों बच्चियों में आराधना कुमारी का नामांकन है, जबकि शेष तीन बच्चियों का नामांकन नहीं है। पंचायत के मुखिया ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद बच्ची का कुछ पता नहीं चला, तब स्कूल के पीछे गड्ढे में उन्हें ढूंढ़ा गया, जहा चारों का शव मिला। देर शाम में शव निकाल कर रामगढ़ थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल पर बच्चों का चप्पल आदि कुछ उपलब्ध नहीं है। सभी बच्चों की किताब एवं चप्पल कहां है, अब तक कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## रोजगार मेला के तहत देश के 44 स्थानों पर होगा कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री 70 हजार लोगों को आज बांटेंगे नियुक्ति पत्र

- प्रधानमंत्री ऑनलाइन सभी जगहों से जुड़ेंगे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 10:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 70 हजार से अधिक नवनियुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन नियुक्त व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला देश भर में 44 स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देश भर से चुने गये नये कर्मचारी राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, जल संसाधन विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और गृह मंत्रालय सहित सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में नियुक्त किये जायेंगे।

प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में रोजगार मेला एक कदम है। आशा है कि रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। नवनियुक्त व्यक्तियों को आइजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल 'कर्मयोगी प्रारंभ' के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है। जहां 580 से अधिक इ-लर्निंग पाठ्यक्रम 'एनीव्हेयर एनी डिवाइस' शिक्षण प्रारूप के लिए उपलब्ध कराये गये हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## विश्व आदिवासी दिवस : सीएम ने अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

# झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन ऐसा भव्य हो कि देश-विदेश में मिले पहचान : हेमंत

**कहा- जनजातीय कला संस्कृति को संरक्षित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के समृद्ध जनजातीय जीवन दर्शन की खूबसूरती को देश-दुनिया में अलग पहचान दिलाने के लिए पिछले वर्ष विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पहली बार झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन हुआ था। इसी कड़ी में इस वर्ष झारखंड आदिवासी महोत्सव को और भी बड़े स्तर पर भव्य तरीके से मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राजधानी रांची में 9-10 अगस्त 2023 को आयोजित होने वाले दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारियों के सिलसिले में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि इस महोत्सव का आयोजन इस तरह होना चाहिए कि इसके माध्यम से यहां के जनजातीय कला-संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान, पहनावा और भाषा को विश्व पटल में पहचान मिल सके।

### झारखंड आदिवासी महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर 9-10 अगस्त को आयोजित होने वाले दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव से जनजातीय जीवन दर्शन को देश-दुनिया में अलग पहचान मिलेगी। जनजातीय कला संस्कृति को संरक्षित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस वर्ष और भी भव्य और बड़े स्तर पर झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

### राज्य का डॉक्यूमेंटेशन होना चाहिए

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्टेट के डॉक्यूमेंटेशन की भी व्यवस्था होनी चाहिए। इसमें यहां के जनजाति समुदायों के इतिहास से लेकर अब तक हुए बदलाव का प्रेजेंटेशन होना चाहिए।

### आदिवासी महोत्सव का राज्य के बाहर भी हो प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव सिर्फ एक आयोजन नहीं है। यह हमारी समृद्ध आदिवासी संस्कृति की पहचान है। इस पहचान को राज्य के बाहर भी पहचान मिलनी चाहिए। इसके लिए राजधानी रांची समेत राज्य के अन्य जिलों के साथ देश के बड़े शहरों में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगहों पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। इसके लिए जगह-जगह पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाये। सेल्फी प्वाइंट में झारखंड की आदिवासी संस्कृति की झलक दिखनी चाहिए।

### महोत्सव के माध्यम से सरकार की योजनाओं की दी जाये जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी रांची में झारखंड आदिवासी महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम होगा। सभी जिलों में भी आदिवासी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देने की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

### बैठक में ये थे मौजूद

बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्रा, अपर सचिव अजय नाथ झा और टीआरआइ के निदेशक रणेंद्र मौजूद थे।

### झारखंड आदिवासी महोत्सव में ये कार्यक्रम होंगे

- ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के द्वारा सेमिनार, पैनल डिस्कशन, ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल, ट्राइबल फूड फेस्टिवल और पेंटिंग एग्जीबिशन का आयोजन किया जायेगा। इसमें देशभर के ख्याति प्राप्त आदिवासी साहित्यकार, विशेषज्ञ व इतिहासकार समेत अन्य शामिल होंगे।
- कल्चरल प्रोग्राम के तहत गीत, नृत्य, इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस, नेशनल और इंटरनेशनल बैंड के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों के जनजातीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा यूथ आइकॉन भी आमंत्रित किये जायेंगे।
- इस महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक और तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया जायेगा।
- महोत्सव में ट्राइबल सेलिब्रिटीज भी आमंत्रित किये जायेंगे। इनमें फेमिना मिस इंडिया रिया तिर्की, क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म एंजल मेरिना तिर्की, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कोमालिका बारी को आमंत्रित किया जायेगा।

# पंचायत स्वयंसेवकों के बकाये का भुगतान करे सरकार: रघुवर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शुक्रवार को पंचायत स्वयंसेवकों से मिले। ये पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर राजभवन के पास धरने पर हैं। उन्होंने कहा कि जब सिंडिकेट के इशारे पर चलने वाले मुख्यमंत्री अपने दागी प्रतिनिधि को हटाने की हिम्मत नहीं दिखा पाये, तो क्या वे पंचायत स्वयंसेवकों को मांगे पूरी करेंगे? नहीं। मैं मुख्यमंत्री से अपील करता हूं कि आपको स्वयंसेवक शब्द से परेशानी है, तो नाम बदल दीजिए, लेकिन इन बच्चों का बकाया जल्द दे दीजिए। धरने पर बैठे पंचायत स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप संघर्ष जारी रखें। अगली बार भाजपा सरकार के आने पर गांवों में एक बार फिर पंचायत सचिवालयों को मजबूत किया जायेगा। साथ ही पोषण सखी और जल सहिया बहनों को भी उनका अधिकार मिलेगा। हेमंत सोरेन जी 2019 के चुनाव में आप बड़ी-बड़ी बातें करके चुनाव जीते। जनता ने आपको जनादेश दिया है। पर आज कहां गये वह वादे। राज्य में सरकार नाम की कोई भी चीज नहीं है सभी जगह भ्रष्टाचार फैला हुआ है ब्लॉक से लेकर सीएमओ तक। जनता सब देख रही है, इन चुनावों में इस सरकार को इसका नतीजा भुगतना होगा।

# हाइकोर्ट ने भाजपा नेता अभय सिंह समेत अन्य को दी जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस सुभाष चंद की खंडपीठ में शुक्रवार को जमशेदपुर में दंगा भड़काने के आरोपित भाजपा नेता अभय सिंह और अन्य की जमानत याचिका पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अभय सिंह के साथ 30 से ज्यादा आरोपितों को जमानत की सुविधा प्रदान की है, जिसके बाद अब वह अदालत द्वारा जमानत के लिए दी गयी शर्तों का पालन करने के बाद जेल से बाहर आ सकते हैं। इस केस से जुड़े सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने 12 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। अभय सिंह की ओर से हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोलानाथ ओझा ने बहस की। सरकार की ओर से की गयी बहस में अदालत को बताया गया था कि केस डायरी में अभय सिंह पर दंगा भड़काने की साजिश में शामिल होने की बात सामने आयी है। निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने के बाद अभय सिंह ने हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है।

# व्यवसायी से 68 लाख की ठगी करने वाला आरोपित दिल्ली से गिरफ्तार

**रेलवे में ठेका दिलाने के नाम पर विशाल पांडे ने 68 लाख रुपये की ठगी कर ली थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के एक बड़े व्यवसायी से 68 लाख की ठगी करने वाले व्यक्ति को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार सुबह रांची पुलिस की टीम ने विशाल कुमार पांडे को दिल्ली पुलिस की सहयोग से गिरफ्तार किया है। विशाल कुमार पांडे के खिलाफ रांची के कारोबारी अजय कुमार सिंह ने पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी थी।

दो दिन पहले ही विशाल पांडे ने चिराग पासवान के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर डाली। इसमें उसने लिखा था कि वह दिल्ली में लोजपा ज्वाइन कर रहा है। तस्वीर को देखकर रांची पुलिस को यह जानकारी मिल गयी कि विशाल दिल्ली में ही है, जिसके बाद रांची पुलिस की एक टीम दिल्ली के द्वारका पहुंची और वहां दिल्ली पुलिस की मदद से विशाल को गिरफ्तार किया।

पंडरा ओपी प्रभारी ने शुक्रवार को बताया कि यह मामला साल 2021 का है। रांची के व्यवसायी अजय सिंह से विशाल कुमार पांडे ने रेलवे में ठेके के नाम पर 68 लाख रुपये की ठगी कर ली थी।

# योग वाणी सेमिनार कल राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची स्थित आइएमए सभागार में 23 जुलाई को योग वाणी सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। जिसमें झारखंड के चिकित्सक और योग जिज्ञासु हिस्सा लेंगे। सेमिनार सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक दो सत्रों में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे। इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के नेतृत्व में रांची की मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड न्यूरोसाइंस सोसाइटी और रॉकफील्ड हेल्थ केयर इसका आयोजन कर रहे हैं।

योग वाणी सेमिनार में वीवाइएसए विश्वविद्यालय के कुलपति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग सलाहकार पद्मश्री डॉ. एचआर नागेंद्र और केवल्य धाम लोनावाला के अकादमिक व ट्रेनिंग अध्यक्ष डॉ. एन. गणेश राव तनाव योग के बारे में जानकारी देंगे। इस कार्यक्रम में फिजीसीयन डॉ. पीएन सिंह, आइएमए के सचिव डॉ. पंकज बोदरा, आइएमए रांची के अध्यक्ष डॉ. शेखर चौधरी काजल, सर्जन डॉ. रमेश दास, मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. अनुज कुमार के अलावा कई प्रसिद्ध चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

# पूर्व सीएम मधु कोड़ा के केस में सीबीआइ ने दर्ज करवायी गवाही



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीआइ की विशेष अदालत में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और उनके सहयोगी रहे विनोद सिन्हा से जुड़े राजीव गांधी विद्युत परियोजना घोटाला में सुनवाई हुई। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान सीबीआइ की ओर से हीरा लाल महतो को गवाह के रूप में पेश किया गया। जिनका बयान दर्ज किया गया। साथ ही बचाव पक्ष यानी मधु कोड़ा की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन(प्रतिप्रेक्षण) भी किया गया।

यह मामला वर्ष 2010 का है। आरोपों के मुताबिक, मधु कोड़ा ने मुख्यमंत्री के पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आइवीआरसीएल से 11.40 करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी, इसके एवज में कंपनी को लातेहार, गढ़वा और पलामू समेत अन्य छह जिलों में ग्रामीण विद्युतीकरण करने का टेंडर दिया गया था। इस केस में मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। जिसके बाद उन्हें 30 जुलाई 2013 को बेल मिली थी।

# सर्च एंड सीजर के लिए संबंधित कोर्ट में आवेदन दें : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई हुई। खंडपीठ के समक्ष मामले के अनुसंधानकर्ता (आइओ) सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने आदेश दिया कि इस दस्तावेज के आधार पर ऑडिट किया गया है उसे खोजा जाये। इसके लिए अनुसंधानकर्ता निचली अदालत में सर्च एंड वारंट के लिए आवेदन दें। कोट से अनुमति मिलने के बाद दस्तावेज खोजा जाये। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया जिस दस्तावेज के आधार पर वर्ष 2016 से 2019 का जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन का ऑडिट हुआ है उसका मूल दस्तावेज एवं रजिस्टर नहीं मिल रहा है। कोर्ट ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

# रिम्स में महिला कैदी की मौत, 10 दिन पहले भर्ती हुई थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में एक महिला कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। अस्पतला प्रबंधन की ओर से कैदी महिला की मौत का कारण टीबी की बीमारी और कुपोषण वजह बतायी जा रही है। महिली कैदी को इलाज के लिए 10 दिन पहले ही रिम्स के कैदी वार्ड में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। महिला पिछले कई महीनों से खेलगांव स्थित होटवार जेल में बंद थी। जिसका नाम सीता कुमारी (30) बताया जा रहा है।

### 10 जुलाई को रांची रिम्स किया गया था रेफर




मिली जानकारी के मुताबिक, महिला जेल में रहने के दौरान बीमार हो गयी थी जिसे जेल प्रबंधन के डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद 10 जुलाई को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। अस्पताल में उसकी 2 दिनों तक इमरजेंसी इलाज किया गया जिसके बाद डॉक्टर विद्यापति के निगरानी में उसे कैदी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था। करीब 10 दिनों के इलाज के बाद महिला की 21 जुलाई की सुबह मौत हो गयी। महिला की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से जेल प्रबंधन को इसकी सूचना दी गयी। वहीं मृतक कैदी महिला के शव के पोस्टमार्टम के लिए मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी थी।

### पिछले कई दिनों से जेल में घट रहीं कई घटनाएं

बता दें, अस्पताल प्रबंधन ने महिला कैदी की मौत की टीवी, एनीमिया और कुपोषण से होने की बात कही है। अब इसे लेकर कई सवालें उठ रहे हैं कि आखिर 30 साल की महिला को जेल में किस तरह का खाना दिया गया कि वह कुपोषण की चपेट में आ गयी। बता दें, पिछले कई दिनों से राजधानी रांची के खेलगांव स्थित होटवार जेल में कैदियों के साथ कई घटनाएं सामने आ रही हैं। जिसे लेकर जेल प्रबंधन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### कई बीमारियों से ग्रसित थी महिला

कहा जा रहा है कि मृतक महिला कैदी और भी कई तरह की बीमारियों से ग्रसित थी उसे पिछले दिनों ही रिम्स में भर्ती कराया गया था। जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

# चारा घोटाला में 125 अभियुक्तों पर अंतिम फैसला 28 अगस्त को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चारा घोटाला केस में अभियुक्तों की संख्या के हिसाब से सबसे बड़े मामले में 28 अगस्त को अंतिम फैसला आयेगा। यह मामला डोरंडा कोषागार से 36 करोड़ रुपये से अधिक अवैध निकासी से जुड़ा है। कुल 125 अभियुक्त हैं। चारा घोटाला केस में अभियुक्तों की संख्या के हिसाब से सबसे बड़े मामले में 28 अगस्त को अंतिम फैसला आयेगा। यह मामला डोरंडा कोषागार से 36 करोड़ रुपये से अधिक अवैध निकासी से जुड़ा है। गौरतलब है कि इस मामले में कुल 125 अभियुक्तों पर फैसला आयेगा। बता दें कि सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद फैसले की तारीख तय की है।

### 125 अभियुक्तों पर आयेगा फैसला

बता दें कि चारा घोटाला कांड संख्या आरसी 48ए/96 मामले में पूर्व विधायक गुलशन लाल अजमानी सहित 125 आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं। सीबीआइ के विशेष लोक अभियोजक रविशंकर ने बताया कि डोरंडा कोषागार से वर्ष 1990-1995 की अवधि में फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर करीब 36.28 करोड़ रुपये की अवैध निकासी की गयी थी।

### अभियुक्तों में नौ महिलाएं भी शामिल

डोरंडा कोषागार से अवैध निकासी मामले में पूर्व विधायक सह मामले में तात्कालीन आपूर्तिकर्ता गुलशन लाल अजमानी, मो. सइद का परिवार, राधा रमन सहाय सहित कुल 125 आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं। मामले में डॉ. केएम प्रसाद सहित कुल 45 अभियुक्त पशुपालन डॉक्टर भी हैं। इसमें 9 महिला आरोपी भी हैं।

# रिम्स में दो गुटों में मारपीट के बाद खाली कराया गया हॉस्टल

**देर रात पार्टी करने और आपस में मारपीट करने की घटना के बाद रिम्स प्रबंधन की सख्ती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स हॉस्टल में देर रात पार्टी करने और आपस में मारपीट करने की घटना के बाद रिम्स प्रबंधन ने छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया है। करीब 900 एमबीबीएस छात्रों से हॉस्टल खाली कराया गया है। प्रबंधन ने बुधवार की रात नोटिस जारी किया था। सप्लीमेंट्री परीक्षा देने वाले कुछ छात्रों को परीक्षा तक हॉस्टल में रहने की अनुमति मिली है।

छात्रों से हॉस्टल के रूम की चाबी भी जमा करा ली गयी है। प्रबंधन के आदेश के बाद एमबीबीएस के विभिन्न बैच के छात्र निर्णय को लेकर निदेशक का घेराव करने पहुंचे थे। इसके बाद भी प्रबंधन अपने आदेश पर अड़ा रहा। प्रबंधन ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए ही निर्णय लिया गया है। अब छात्रों को माता-पिता के साथ आने को कहा गया है। इसके बाद ही उन्हें हॉस्टल आवंटित किया जायेगा।

रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि रिम्स के हॉस्टल परिसर में लगातार उपद्रव और छात्रों के बीच मारपीट की घटना हो रही है। कुछ अनहोनी न हो इसलिए प्रबंधन ने गहन चिंतन के बाद क्लासेस बंद किये हैं और हॉस्टल खाली कराया है। एहतियात के तौर पर ऐसा निर्णय लिया गया है। रिम्स जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया है। जेडीए के प्रेसिडेंट डॉ जयदीप चौधरी ने बताया कि दो बैचों 2021 और 2022 में झड़प हुई थी। झगड़े में दो सीनियर बैच 2019 और 2020 भी आ गये। इसी में और मामला बढ़ा, जिसके बाद कुछ छात्र उग्र होकर निदेशक आवास में भी घुस गये थे। सभी को एक-एक कर समझाना मुश्किल होता। ऐसे में कुछ दिन कक्षाएं सस्पेंड रखा जायेगा और हॉस्टल को खाली कराया गया है। प्रबंधन का निर्णय छात्रहित में है। इसलिए प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया जा रहा है।




रिम्स प्रबंधन का कहना है कि स्टूडेंट्स लगातार मारपीट और देर रात पार्टी कर रिम्स की छवि को धूमिल कर रहे हैं। इस घटना के बाद कमेटी की आपात बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें हॉस्टल खाली कराने पर निर्णय लिया गया है। नये सिरे से हॉस्टल के कमरा का आवंटन किया जायेगा, जिसमें 15-15 दिन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। कमेटी ने यह भी तय किया है कि विद्यार्थी जब दोबारा हॉस्टल में रहने आयेंगे, तो अपना और अपने माता-पिता या अभिभावक का शपथ पत्र साथ लाना होगा। शपथ पत्र में यह स्पष्ट लिखा होना चाहिए कि विद्यार्थी दोबारा मारपीट या किसी तरह की अनुशासनहीनता नहीं करेंगे। यदि उन्हें दोबारा ऐसी घटनाओं में संलिप्त पाया गया, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### संगठित अपराध से प्रभावित क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों के साथ एसपी ने की समीक्षा बैठक

# अपराधियों को पकड़ने के लिए लगातार करें छापामारी : पीयूष पांडेय

बीरु कुमार

**रामगढ़।** एसपी पीयूष पांडेय अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने को लेकर फूल एक्शन मोड में है। शुक्रवार को उनका रुख स्पष्ट दिखा। अपराध और अपराधियों पर कोई ढिलाई नहीं बरतने को लेकर आक्रामक दिखे। उन्होंने संगठित अपराध को जड़ से उखाड़ फेकने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को अपराध और अपराधियों पर खुल कर कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई थाना प्रभारी कार्यों में लापरवाही बरता तो उसपर कार्रवाई हम करेंगे। जिसके बाद पूरी टीम रेस हो गई है। सभी अपने अपने क्षेत्रों में संदिग्धों और गिरोह से लोगों पर टेढ़ी नजर कर दी है। जिसका असर बहुत जल्द देखने को मिलेगा।



**एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को टास्क की लंबी लिस्ट दी है**

एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को टास्क की लंबी सूची दी है। जिसमें संगठित अपराध और अपराधियों के प्रति शून्य सहनशीलता, पांडे, अमन साहू और श्रीवास्तव गिरोह के अपराधियों पर लगातार छापेमारी, संगठित अपराध से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा और निस्तारण, संगठित गिरोहों के अपराधियों की जमानत रद्द करने की अनुशंसा, संगठित गिरोहों के फरार अपराधियों के विरूद्ध इनाम का प्रस्ताव, त्वरित सुनवाई के लिए मामलों का चयन और उनकी सुनवाई की निरंतर निगरानी, जेल में छापेमारी और जेल के अंदर अपराधियों द्वारा मोबाइल के उपयोग का सत्यापन, संगठित गिरोहों के अपराधियों के विरूद्ध सी.सी.ए की कार्रवाई और डोजियर/ निगरानी कार्रवाई खोलना/ शुरू करना, संगठित गिरोहों के अपराधियों की चल/अंचल संपत्ति की जब्ती/कुर्की करने सहित अन्य निर्देश शामिल है।

**बैठक में कौन कौन थे उपस्थित**

बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो, पतरातू इंसपेक्टर सुशील कुमार सिंह, मांडू इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार, गोला इंसपेक्टर सुरेश लिंडा, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, गोला थाना प्रभारी सिद्धांत, बरलंगा थाना प्रभारी अन्नत सिंह, कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, भदानीनगर ओपी प्रभारी रणदीप कुमार, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

## कैंसर से बचने के लिए फास्ट फूड और जंक फूड से बचना चाहिए : डॉ पी महादेव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैंसर एक जानलेवा बीमारी है। लोगों के जागरूक होने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। डॉ पी महादेव ने कहा कि सबसे ज्यादा केस तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों में देखा गया है। यदि स्कूल से ही बच्चों को सावधान किया जाये तो इससे काफी हद तक निजात मिल सकती है। डॉ महादेव ने बताया कि रांची में स्थित अपोलो हॉस्पिटल में कैंसर रोगियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। ज्यादा परेशानी होने पर चेन्नई अपोलो से भी सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को फास्ट फूड और जंक फूड से बचना चाहिए। अधिकतर कैंसर उन लोगों में अधिक पाया जा रहा है, जो तंबाकू के साथ अल्कोहल का अधिक सेवन करते हैं। पहले कैंसर के नाम से ही मरीज के साथ उनके परिजनों में एक अलग सा डर पैदा होता था, लेकिन अब थर्ड स्टेज में भी कैंसर से आप निजात पा सकते है। मोटापा के कारण भी कैंसर का लक्षण आज कल लोगों में पाया जा रहा है। इसके लिए लोगों को जागरूक करें और कैंसर जैसे बीमारी का इलाज अब कम पैसों में भी संभव हो पाया है। ये बातें चेन्नई से आये डॉ पी महादेव ने कहीं।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## डीएसपीएमयू में सांस्कृतिक महोत्सव श्रुति अमृत का आयोजन आज से

**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के परफॉर्मिंग आर्ट और आईक्यूएसी एवं स्पीक मैके के संयुक्त सौजन्य से दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव श्रुति अमृत का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में अपराह्न 6 बजे से किया जाना है। पहले दिन अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध बांसुरी वादक राकेश चौरसिया और तबला वादक मिथिलेश झा के अलावा भारत की प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका बेगम परवीन सुल्ताना अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। दूसरे दिन 23 जुलाई को देश के प्रसिद्ध कठपुतली प्रदर्शन के पारंगत दादी पुदुमजी और नीमराना संगीत संस्थान अपनी प्रस्तुति देंगे।

## टेंडर हार्ट में बीआइटी मेसरा के विद्वानों ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** टेंडर हार्ट स्कूल में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए करियर गाइडेन्स सह कॉउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करियर विशेषज्ञ के तौर पर बीआइटी मेसरा के केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ अशोक शरण, होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष डॉ अभिनव शांडिल्य, प्रो चंद्रलता बाल, डॉ बनार्ली दासगुप्ता एवं डॉ देवदत्ता बनर्जी उपस्थित हुए। वक्ताओं ने सभी विद्यार्थियों को बारहवीं के बाद उच्च शिक्षा के सभी विकल्पों के बारे बताया। अतिथियों ने सभी को बीआइटी मेसरा के कैंपस में आमंत्रित किया। टेंडर हार्ट के निदेशक सुधीर तिवारी एवं प्राचार्या उषा किरण झा ने बताया कि 12वीं के बाद विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में काफी दुविधाओं का सामना करना पड़ता है इसलिए उनके उच्च शिक्षा एवं भविष्य निर्धारण के लिये ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है।

## सीसीडबीएफएस की बैठक संपन्न



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय, रांची में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) एवं कार्यकारी अध्यक्षहर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में सेंट्रल कोलफील्ड्स एंप्लाइज बेनिभॉलेंट फंड सोसायटी की शासकीय निकाय की बैठक संपन्न हुई। सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष नाथ मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर कई लाभकारी निर्णय लिये गये। इनमें मृत्यु लाभ में मिलने वाली राशि को 75 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही हृदय एवं गुर्दा रोग से ग्रसित सदस्यों के लिए चिकित्सीय सेवा लाभ में शामिल एवं सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले विभागीय उपहार में वृद्धि किया गया । इतना ही नहीं सोसाइटी के प्रति कर्मचारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी इसका प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त भी सोसाइटी के नियमों में वांछित एवं लाभकारी संशोधन किए गए। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने उपरोक्त निर्णयों का स्वागत किया।

## ट्रक ऑनर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल रघुवर दास से मिला



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास से ट्रक ऑनर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मिला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित नारायण ओझा की अगुवाई में शुक्रवार को हटिया गुड शेड ट्रक ऑनर्स के सदस्यों ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिल कर अपनी गाड़ियों के परिचालन में होने वाली समस्या के विषय में विस्तार से बताया। यूनियन के लोगों ने रघुवर दास से सहयोग का अपील की। यूनियन के लोगों ने बताया कि पिछले तीस सालों से यूनियन कार्य कर रहा है और समन्वय के अभाव में गाड़ी मालिक परेशान रहते है। जल्द ही परिवहन मंत्रालय को अपनी मांगों का ज्ञापन देने पर सहमति बनी। रघुवर दास ने सदस्यों को संगठित रहने की बात कही और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

### लोहरदगा में नक्सलवाद के बाद अब आतंकवाद का साया

# फैजान के बाद एनआइए ने पांच युवकों को उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के मिल्लत कॉलोनी से आईएसआईएस के स्लीपर सेल आतंकी फैजान अंसारी उर्फ शाहबाज अंसारी की गिरफ्तारी से स्थानीय स्तर पर सनसनी फैल गई है। आतंकी फैजान की निशानदेही पर उसके संपर्क में रहने वाले पांच छह संदिग्ध युवाओं को एनआईए की टीम द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अपुष्ट सूचना मिल रही है। आतंकी ने एनआईए के पूछताछ में क्या अहम जानकारियां दी। यह अलग पहलू है पर, स्थानीय स्तर पर आतंकी गतिविधियां बढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता है। माना जा रहा है कि, कई दशकों से गंभीर नक्सलवाद का दंश झेल रहा लोहरदगा जिला में अब आतंकवाद का साया गहरा हो रहा है। इस संदर्भ में समय-समय पर आईबी और विशेष शाखा के अधिकारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर बांग्लादेशी और रोहिंग्या का कथित ठहराव होने की रिपोर्ट सरकार से की गई है। इस क्रम में विशेष शाखा के डीएसपी की रिपोर्ट लीक होने के बाद हाय तौबा मची थी। मामले पर राजनीतिक दबाव में डीएसपी का तबादला कर उच्च स्तर पर मामले को दबाने का प्रयास करना चर्चा में रहा है। इधर, लोहरदगा में कई बड़ी नक्सली वारदातों के बाद अब आतंकी गतिविधियां बढ़ने से हालात तेजी से बदलकर संवेदनशील बनते जा रहे हैं। आतंकी गतिविधियां स्थानीय स्तर पर एकाएक नहीं बड़ी है। सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं इसके लिए पृष्ठभूमि तैयार किया है। 23 जनवरी 2020 को सीएए के समर्थन में निकाला गया विशाल जुलूस पर पथराव और जानलेवा हमला करने की घटना शामिल है। इसमें हमलावरों ने सुनियोजित तरीके से एंबुश पॉइंट अमला टोली को चुना था। घटना में प्रशिक्षित पत्थरबाजों की तर्ज पर हमला हुए थे। इसके बाद वर्ष 2022 में हिरही के भोक्ता बगीचा के निकट रामनवमी जुलूस पर सुनियोजित पत्थरबाजी और हमला की घटना में भी आतंकी संगठन का हाथ होने की चर्चा थी।

आतंकी फैजान अंसारी ने गिरफ्तारी के बाद एनआईए के अधिकारियों के समक्ष सांप्रदायिक हिंसा की घटना से प्रभावित होकर पूरी तरह आतंकी गतिविधियों में सक्रिय हो जाने की बात स्वीकार किया।



**एसडीओ ने स्लीपर सेल के सक्रिय होने की बात स्वीकारी**

एक वर्ष पूर्व रामनवमी जुलूस पर पथराव के बाद फैली सांप्रदायिक हिंसा के मामले पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद लाल ने साफ किया था कि, स्थानीय स्तर पर सुनियोजित पथराव और सांप्रदायिक हिंसा फैलाकर गड़बड़ी करने में आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल का हाथ है। एसडीओ ने कहा था विगत कुछ वर्षों से लोहरदगा में स्लीपर सेल की संख्या बढ़ी है और वे सक्रिय हैं। स्लीपर सेल इटिजिलेंट है। समाज में विभिन्न रूप लेकर रह रहे हैं। इन्हें चिन्हित करने की कोशिश की जा रही है। आतंकी फैजान अंसारी की गिरफ्तारी ने एसडीओ अरविंद कुमार लाल की आशंका की पुष्टि किया है।

## आतंकी संगठन आइएसआइएस के एजेंट फैजान को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी एनआइए, कोर्ट से मांगी इजाजत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेशनल इंवेस्टिगेटिव एजेंसी झारखंड के लोहरदगा से गिरफ्तार किये गये आइएसआइएस के आतंकी फैजान अंसारी को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ करेगी। एनआइए ने कोर्ट में आवेदन देकर फैजान से सात दिनों तक पूछताछ करने की इजाजत मांगी है। एनआइए की रिमांड पिटीशन पर सुनवाई हो चुकी है। अब कोर्ट कितने दिनों की रिमांड की इजाजत देता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। उम्मीद की जा रही है कि फैजान से पूछताछ में एनआइए को कई अहम जानकारियां मिल सकती है।

**कई डिजिटल एविडेंस बरामद हुए हैं :** अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, फैजान डार्क नेट के माध्यम से देश - विदेश के आइएसआइएस एजेंटों के संपर्क में था। एनआइए के द्वारा फैजान अंसारी के पास से कई डिजिटल एविडेंस बरामद किये गये हैं, जिससे उसके आइएसआइएस से संपर्क होने की पुख्ता जानकारी मिली है। लोहरदगा में वह पिछले दो महीनों से रह रहा था। अपने घर से ही इस्लामिक जिहाद को लेकर सक्रिय था। एनआइए की टीम उस पर पिछले एक सप्ताह से नजर रखे हुए थी। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने जब फैजान अंसारी के आइएसआइएस के स्लीपर सेल होने की पुख्ता जानकारी हासिल की, उसके बाद उसे गिरफ्तार किया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## आइओबी ने नयी योजनाओं की जानकारी दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** आइओबी के कर्मचारियों अपने क्षेत्रीय प्रबंधक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अपनी नयी योजनाओं, जिसमें कि बचत खाता प्रमुख है, का प्रचार विभिन्न संस्थाओं जैसे की स्पाइका, नाबार्ड, ईंफको, संत फ्रांसिस स्कूल जैसे संस्थाओं में किया। साथ ही सेलरी खाता कि विशेष सुविधा, परिवार के दो सदस्यों का शून्य बैलेंस खाता आदि कि जानकारी दी। बिजनेस रिसोर्स टीम के सदस्य निधि सिंह, ऋचा कुजूर, सुमित कुजूर, अमित कुमार ने जानकारी दी कि हमारे बचत खाता के नयी योजनाओं में नवजात शिशु से लेकर सिनियर सिटीजन तक सभी वर्गो के विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। करंट अकाउंट में भी आकर्षक ब्याज और अनेक मुफ़्त सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक ने नागरिकों से इन सुविधाओं को हमारे 40 शाखाओ से संपर्क कर सेवाएं लेने का निवेदन किया है।

## दशरथ चंद्र को राजस्व पर्षद के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (भाप्रसे) के अधिकारी विशेष सचिव भू राजस्व विभाग दशरथ चंद्र दास को अपने कार्यों के अलावा राजस्व परिषद के सचिव के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

## जिलों को प्रगति में सुधार लाने के लिए दिया गया निर्देश : राजेश्वरी बी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजेश्वरी बी, महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन की अध्यक्षता में समर अभियान कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षात्मक एवं तकनीकि प्रशिक्षण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रोजेक्ट बिल्डिंग के सभागार में किया गया। महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन द्वारा जिलों को प्रगति में सुधार लाने हेतु दिया गया निदेश दिया गया। बैठक में समर अभियान कार्यक्रम में नामांकित बच्चे, अति गंभीर कुपोषण श्रेणी से ठीक हुये बच्चें आदि पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। दो दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में राज्य के पॉच जिला चतरा, सिमडेगा, प. सिंहभूम, साहेबगंज एवं लातेहार जिला के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं समर अभियान के क्षेत्रीय प्रबंधक को समुदाय स्तर पर अति गंभीर कुपोषण के उपचार, संचार रणनीति, पोषण ट्रेकर आदि पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक में श्री अरसद जमाल, अवर सचिव, राज्य पोषण मिशन के कर्मी, युनिसेफ के प्रतिनिधि, एससीओई, रिम्स के पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा भाग लिया।

## शरशय्या पर भीष्म पितामह का लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महाभारत अनेक कथाओं और उपकथाओं का महाकाव्य है, जिनसे आज भी लोग सीख लेते हैं। महाभारत की कथा पर आधारित भवेशचंद्र मिश्र "शिवांशु" का मैथिली उपन्यास शरशय्या पर पितामह इस महाकाव्य के एक प्रमुख नायक भीष्म पितामह पर केंद्रित है। लेकिन उपन्यासकार ने उन घटनाओं एवं उपकथाओं का तत्वान्वेषण किया है, जो साधारण लोगों को नहीं मालूम है। ये बातें शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राध्यापक डॉ नरेंद्र कुमार झा ने कहीं।

मौके पर मैथिली साहित्यकार कृष्णमोहन झा मोहन ने कहा कि महाभारत की कथाओं पर दुनिया भर की भाषाओं में अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं, शिवांशु के इस उपन्यास को उसी श्रृंखला की अगली कड़ी माना जा सकता है। लेकिन उपन्यासकार ने जिस तर्कशक्ति और कलात्मकता का इसमें उपयोग किया है, वह अप्रतिम है।



इस अवसर पर भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन ने कहा कि शिवांशु के पास कहानी कहने की जो विशिष्ट शैली है, उसने इस उपन्यास को जीवंत बना दिया है और जिस कुशलता से उन्होंने इसके कथा-पात्रों का चित्र पाठकों के समक्ष खड़ा किया है, वह बिल्कुल सटीक और रोचक बन पड़ा है। यह उनके बारीक चित्रण और शोधपूर्ण दृष्टि का परिणाम है कि इस उपन्यास में संक्षिप्त में महाभारत की कथा को बारीक ढंग से समेटा जा सका है, लेकिन कहीं से भी नहीं लगता है कि कोई महत्वपूर्ण प्रसंग छूट गया है। मौके पर रांची दूरदर्शन के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इस उपन्यास की सबसे खास बात यह है कि भीष्म जैसे विरल चरित्र को चित्रित करने में उपन्यासकार ने उच्चतर मानवीय मूल्य को सुस्थापित करने का लक्ष्य रखा है, और उसे सफलतापूर्वक निभाया भी है। बेशक यह उपन्यास ऐतिहासिक उपख्यान पर आधारित है, लेकिन यह समकालीन जीवन मूल्यों और प्रश्नों से भी मुठभेड़ करता है।

## कूल्हे, पेल्विस बोंस की दोनों हड्डियां टूटी पारस के डॉक्टरों ने सर्जरी कर ठीक किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पारस अस्पताल में आये दुर्घटना में जख़्मी हुए एक मरीज के दोनों कूल्हे एवं पेल्विस बोंस में फ्रैक्चर था, जिसे पारस अस्पताल के डॉ अंकुर सौरभ और डॉ विशाल ने सर्जरी कर ठीक कर दिया। मरीज को पैदल सड़क पार करते समय एक हेवी व्हीकल ने पीछे से टक्कर मार दी थी, जिससे उनको गहरी चोट आयी थी और काफी खून भी निकल आया था। पारस अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुर सौरभ ने बताया की मरीज जब अस्पताल आया था तब उसके पेल्विक बोंस में कई जगह फ्रैक्चर था और बहुत खून भी निकल चुका था। वह असहनीय दर्द से पीड़ित था। मरीज को तत्काल आइसूयी में भर्ती किया गया, जहां उसकी देखभाल के साथ-साथ जांच भी की गयी।पता चला कि मरीज के दोनों पेल्विस बोंस और कूल्हों में फ्रैक्चर आया है। कूल्हे और पेल्विस बोंस के दोनों कॉलम (पोस्टीरियर और इंटीरियर) टूट चुके थे। साथ ही पेल्विस बोंस के दोनों वॉल भी डैमेज हो गये थे। सर्जरी से पहले मरीज को स्टेबल करने के लिए लगभग 8 यूनिट खून चढ़ाना पड़ा। ड्यूल एप्रोच के माध्यम से मरीज की सर्जरी की गयी और अब वो बिलकुल ठीक है। पारस अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुर और डॉ विशाल ने बताया कि इस तरह की सर्जरी बहुत ही कम जगहों पर की जाती है। डॉ अंकुर और डॉ विशाल ने उस मरीज की जान तो बचायी ही, साथ ही साथ उसे अपने दैनिक जीवन को सुचारू रूप से चलाने योग्य बनाया। बता दें की डॉ अंकुर एक प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं और उन्होंने अपनी ट्रेनिंग जर्मनी से पूरी की है। पारस अस्पताल में ऐसे जटिल सर्जरी की सुविधा होने के कारण यहां इस तरह के मरीज प्राथमिकता के तौर पर पहुंचते हैं। डॉ विशाल और डॉ अंकुर की देखरेख में पारस अस्पताल रांची में अब तक ऐसे 10 से ज्यादा सफल सर्जरी किए जा चुके हैं। पारस अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ संजय कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल में जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज हो रहा है। आनेवाले दिनों में हम लगभग सभी बीमारियों के इलाज की सर्वोत्तम व्यवस्था यहां मरीजों को देने में सफल हो पायेंगे।



# साफगोई बरते सरकार

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाये जाने के वायरल हुए विडियो ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सरकार से जवाब तलब किया है। सीजेआइ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने यहां तक कह दिया कि हम सरकार को थोड़ा वक्त दे रहे हैं, वह कदम उठाती है, तो ठीक वरना हम खुद कदम उठायेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मीडियाकर्मियों से बातचीत में इस पर गहरा दुख और गुस्सा जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से पूरा देश शर्मसार होता है। उन्होंने देश के सभी मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों में कानून व्यवस्था की स्थिति दुरुस्त करने में कोई कोर-कसर बाकी न रखें। इसमें दो राय नहीं कि विडियो के जरिए जिस तरह की घटना सामने आयी है, वह वीभत्स है। लेकिन विडियो भले अब वायरल हुआ हो, यह घटना आज की नहीं बल्कि 4 मई की है। और, ढाई महीने पहले की इस घटना में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी भी गुरुवार को हुई जब मणिपुर प्रशासन पर चौतरफा दबाव पड़ा। ध्यान रहे, यह अपनी तरह का इकलौता मामला नहीं है। महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की भी कई घटनाएं राज्य में इस बीच हुई हैं। 3 मई से ही मणिपुर में हिंसा, लूट, आगजनी का जो सिलसिला शुरू हुआ वह अब तक नहीं थमा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कुछ समय पहले शांति प्रयासों के तहत तीन दिन वहां रह कर आये थे, लेकिन इसका भी कोई ठोस असर नहीं दिखा। जो शांति समितियां केंद्रीय गृहमंत्री की पहल पर बनायी गयी थीं, वे कोई खास परिणाम नहीं दे पायीं। वहां न केवल राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं बल्कि इंटरनेट पर रोक जैसी वजहों से सभी सूचनाएं भी बाहर नहीं आ रहीं। फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्यों के खिलाफ भी पुलिस केस हो गये। विदेश यात्रा से लौटने के बाद प्रधानमंत्री ने मणिपुर के हालात पर एक उच्चस्तरीय बैठक ली। दरअसल, सरकार की ओर से राज्य में शांति कायम करने की और क्या कोशिशें हो रही हैं और पिछले प्रयासों का क्या असर हुआ है, इस बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। जब संसद का मॉनसून सत्र शुरू हुआ तो यह उम्मीद की जा रही थी कि कम से कम सदन में इस पर गंभीर चर्चा होगी, जिसमें सबकी साझा चिंता झलकेगी और सरकार के प्रयासों की दिशा स्पष्ट होगी। लेकिन पहले दिन जहां विपक्ष प्रधानमंत्री के बयान की मांग करते हुए हंगामा करता रहा, वहीं सत्ता पक्ष ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि विपक्ष तय कर चुका है कि संसद में कामकाज नहीं चलने देगा। यह स्थिति वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे गंभीर मामलों में विपक्ष और सरकार दोनों को अपनी जिद से ऊपर उठकर संसद का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करना चाहिए।

**यह अपनी तरह का इकलौता मामला नहीं है। महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की भी कई घटनाएं राज्य में इस बीच हुई हैं। 3 मई से ही मणिपुर में हिंसा, लूट, आगजनी का जो सिलसिला शुरू हुआ वह अब तक नहीं थमा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से इन बड़े अंतरालों को बहुत गंभीरता से लिया है। एनइपी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से इसे दूर करने का लगातार प्रयास किया है। एनइपी 2020 का दृष्टिकोण समग्र और यथार्थवादी भी है, क्योंकि भारत गांवों का देश है। हमारी 60 प्रतिशत आबादी कृषि गतिविधियों और उत्पादन पर निर्भर है।**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं हमारे कौशल

**प्रो टीवी कट्टीमनी**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 हमारे आस-पड़ोस की चुनौतियों से संबंधित एकीकृत एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संचार और अनुसंधान के विकास के लिए है। अब तक पाठ्यपुस्तकों और समाज, शोध और सामाजिक चुनौतियों के बीच कोई संबंध नहीं रहा। लोगों की भाषा और कक्षा की पाठ्यपुस्तकों के बीच कोई समन्वय नहीं है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से इन बड़े अंतरालों को बहुत गंभीरता से लिया है। एनइपी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से इसे दूर करने का लगातार प्रयास किया है। एनइपी 2020 का दृष्टिकोण समग्र और यथार्थवादी भी है, क्योंकि भारत गांवों का देश है। हमारी 60 प्रतिशत आबादी कृषि गतिविधियों और उत्पादन पर निर्भर है। हमारे छात्र लोग विषम परिवेशों से आते हैं। वे कई धर्मों, बहुभाषी पृष्ठभूमि और बहु आर्थिक स्तरों से हैं। पाठ्य पुस्तकों और शिक्षकों से छात्र समुदाय को संबोधित करने की अपेक्षा की जाती है।

आदिवासी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में समस्या अधिक जटिल है। कई छात्रों को भाषा के कारण सीखने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। उनमें से कई छात्र ऐसे भी हैं, जो विविध छात्र समुदाय तक पहुंचने वाली पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं। शिक्षक को बहुआयामी व्यक्तित्व वाला और आजीवन सीखने वाला भी होना चाहिए। आधुनिक दुनिया की अप्रत्याशित तकनीक ने दुनिया को और प्रतिस्पर्द्धात्मक बना दिया है। विशेषकर ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के डीएनए में कोई न कोई कौशल अवश्य होता है।

**भविष्य की नौकरियों के लिए भविष्य के कौशल को बढ़ावा देने के लिए एनइपी 2020 ध्यान केंद्रित करती है।**



**एनइपी 2020 का लक्ष्य दुनिया के सामने भारत की सौम्य शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए अनुसंधान और विकास को मजबूत करना है। यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय लोक संस्कृति और मौखिकता पर आधारित अनुसंधान क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।**

वे परिवार के घरेलू कामकाज में भी भाग लेंगे और कई बार अपने पारिवारिक कौशल, जैसे मिट्टी के बर्तन बनाना, बढ़ईगिरी, लोहार, सुनार आदि कार्य में भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं, लेकिन वर्तमान की पाठ्य पुस्तकों और उनके पारिवारिक कौशल के बीच कोई समन्वय नहीं है। एनइपी 2020 हमारी कृषि, हमारे जल निकाय, पोखर, जल संसाधन, गाय, भैंस, भेड़, बकरी और मुर्गी पालन आदि को हमारी पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने पर जोर देती है। यह एक ऐसी समाज की परिकल्पना करती है, जिसमें समाज और कक्षा का वातावरण अनुकूल हो। कौशल शिक्षा के प्रवर्तक के रूप में एनइपी 2020 पाठ्यक्रम के व्यावसायीकरण के माध्यम से सीधे शिक्षा जगत एवं उद्योग जगत में संबंध स्थापित कर रही है और युवाओं को बढ़ईगिरी, लोहारी, यांत्रिकी, मुरम्मत कार्यशालाओं आदि में प्रशिक्षण जैसे आय-सृजन कौशल और उद्यमिता सिखा कर उन्हें सशक्त बना रही है। छात्रों के अंतर्निहित कौशल के संवर्धन के लिए यह अति आवश्यक है। इसके अलावा, आने वाले समय में विश्लेषणात्मक कौशल जैसे प्रतिभा प्रबंधन, ग्राहक सेवा उद्योग का विकास, कृषि, डिजिटल वाणिज्य, डाटा विज्ञान और व्यापार में बड़े पैमाने पर नौकरी में वृद्धि की उम्मीद है। भविष्य की नौकरियों के लिए भविष्य के कौशल को बढ़ावा देने के लिए एनइपी 2020 ध्यान केंद्रित करती है।

एनइपी 2020 का लक्ष्य दुनिया के सामने भारत की सौम्य शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए अनुसंधान और विकास को मजबूत करना है। यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय लोक संस्कृति और मौखिकता पर आधारित अनुसंधान क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारतीय ज्ञान प्रणाली को एनटीए-नेट विषय के रूप में मान्यता मिलना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्टता केंद्रों के रूप में योग अध्ययन की स्थापना के साथ, आयुर्वेद शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में आयुष डॉक्टरों को शामिल करना, भारत की सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक कूटनीति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संचालित करने के लिए आइसीसीआर का बजट बढ़ाना एनइपी के तहत उठाया गया एक बड़ा कदम है।

इसके अलावा भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मान्यता दिलाने का दृष्टिकोण लगातार आगे बढ़ रहा है। हैल्थकेयर में आर एंड डी का महत्व बढ़ाना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसके तहत वैक्सीन का विकास, सिकल सैल एनीमिया और थैलेसीमिया के लिए लगभग 89,155 करोड़ के बजट का आबंटन, आदि हमें फिट इंडिया, हिट इंडिया के उद्देश्य को हासिल करने के लिए मदद कर सकता है। एनइपी 2020 अनुसंधान, विपणन और स्थानीय उत्पादन पर मुखर है। यदि हम आयात कम करें और निर्यात बढ़ायें तो स्वाभाविक रूप से किसान की आय दोगुनी और लाभदायक होगी। घरेलू उद्योग, लघु उद्योग, खादी और ग्राम उद्योग, मिट्टी के बर्तन उद्योग का वैश्विक परिदृश्य पर एक बड़ा बाजार है। जब शिक्षा और समाज के बीच कोई अंतर नहीं होगा, तो उद्योग स्वचालित रूप से शिक्षा एवं अनुसंधान के मैदान में प्रवेश करने में बहुत रुचि लेंगे। नौकरी चाहने वाले नौकरी देने वाले बन जायेंगे। शिक्षा जगत की गतिशीलता अधिक जीवंत और समावेशी है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एक संवेदनशील नागरिक समाज बनाएगी और यह समाज, प्रौद्योगिकियों, कृषि और सामाजिक विज्ञान में नवाचारों को बढ़ावा देगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया, उनके लंबी आयु की कामना की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्म दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर व जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के उपस्थिति में केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने उनके लंबी आयु का कामना की। मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन पार्टी हित में करे। प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ अभियान को पंचायत व बुथ स्तर पर चलाकर 2024 के मिशन पर लगें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, शफीअहमद खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, फिरोज खान, फजल खान, प्रदेश सचिव सुरेश धारी, कार्यकारी अध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर, कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार, वृन्दा प्रसाद, रंजीत सिंह, इंतिखाब वास्ती, नरेश कुमार, गुलरेज अख्तर अंसारी, रियाजुद्दीन खान, तस्लीमा नसरीन, रईस रिजवी, सुल्तान अहमद, रमाशंकर पाण्डेय, अजितेश उज्जैन, शशिभूषण प्रसाद सहित अन्य शामिल रहे।

### सफाई कर्मियों को 25 जुलाई को किया जायेगा सम्मानित : पुरेंद्र



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह ने वार्ड संख्या 32 को उसका पुराना स्थान न0-1 दिलाने के लिए मोर्चा संभाल ने का प्रयास शुरू कर दिया। मौके पर उन्होंने कहा ये अपने घर व आंगन का मामला है। आदर्श वार्ड बनाने के लिए सभी प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने बताया वार्ड नंबर 32 स्थित रोड नंबर 17/ 18 व 21/22 की गली, सीवरेज, ड्रेनेज की स्थिति बद से बदतर हो गई थी। स्थानीय युवा समाजसेवी बैजू यादव के पहल पर गति प्रदान की गई थी। उन्होंने बताया गली की नारकीय स्थिति की जानकारी अपर नगर आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार सहित सभी पदाधिकारियों को दी गई थी। बीते 4-5 दिनों से गली, सीवरेज, ड्रेनेज की सफाई का काम युद्ध स्तर पर जारी है। 2 दिन पूर्व सफाई कार्य का निरीक्षण करने के लिए सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार व सफाई शाखा के रविंद्र राम, शेखर कुमार, शंभू जेरई अपने टीम के साथ जांच किये। उन्होंने सुपरवाइजर व सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए थे। सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने स्थानीय लोगों से भी नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा लोग डोर टू डोर कचरा उठाव गाड़ियों को अपने घर का कचरा सुपुर्द करें व डस्टबिन में कचरा डालें। ताकि सफाई के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी न हो। नगर निगम द्वारा बरसों बाद सड़क व गली सफाई होने पर बैजू यादव, अधिवक्ता संजय कुमार, सुभाष कुमार सिंह, राज किशोर शर्मा, राकेश कुमार, वकील, मनी कुमार, विक्की ने पुरेन्द्र नारायण सिंह व नगर निगम की टीम के प्रति दिल से आभार प्रकट किया। पुरेंद्र नारायण सिंह ने बताया 25 जुलाई को 1:00 बजे वार्ड- 32 के सभी सम्मानित सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा।

# प्रोत्साहन राशि मामले में सरयू राय चाइबासा कोर्ट में हुए पेश

**मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय के खिलाफ विशेष कोर्ट मे मानहानि का मामला दर्ज कराया था।**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाईबासा।** प्रोत्साहन राशि मानहानि मामले मे जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने चाईबासा स्थित विशेष एमपी-एमएलए न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार के न्यायालय में उपस्थित हुए। राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा कोविड काल मे कोरोना वॉरियर्स को छोड़ प्रोत्साहन राशि अपने व अपने कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के लिए आवंटित कर देने के मामला उठाया था। जिसके बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय के खिलाफ विशेष कोर्ट मे मानहानि का मामला दर्ज कराया था। कोट के द्वारा विधायक सरयू राय के उपस्थिति के लिए समन जारी करने की बात कहा गया था। लेकिन कोर्ट से समन जारी होने के बाद समन न तो सरयू राय को प्राप्त हुआ ना ही उनके किसी भी कार्यालय में प्राप्त हुआ। न ही प्राप्त होने की सूचना कोर्ट के रिकॉर्ड में है। जबकि प्रतिवादी को समन मिलने पर रिकॉर्ड में उपलब्ध होता हैं। कोर्ट ने प्रक्रिया की आगे बढ़ाते हुए सरयू के लिए बैलब्ले वारंट जारी किया था। जिसपर मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यालय द्वारा अफवाह बनाकर पूरे राज्य भर के समाचार व व्हाट्सएप ग्रुप में फैलाया गया था। इस शीर्षक के साथ प्रोत्साहन राशि मानहानि मामला विधायक सरयू राय पर कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट की प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अफवाह फैलाई गई थी। श्री रॉय के गिरफ्तार होने की बात कही गई थी। शुक्रवार को चाईबासा विशेष कोर्ट में विधायक सरयू राय अपने अधिवक्ता अनिंदा मिश्रा, सौरव सिन्हा, प्रतीक शर्मा एवं महादेव शर्मा के साथ उपस्थित हुए। कोर्ट ने कैस को अगले स्टेज के लिए अग्रेषित किया।

राय के अपीयरेंस होने पर उन्हे जमानत दे दिया।

# नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सिविल डिफेंस जमशेदपुर की ओर से शहर के विभिन्न इलाकों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को छायानगर से इसकी शुरूआत की गई।अभियान के तहत गीता थिएटर के युवा कलाकारों ने नशा करे नाश नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।नाटक में कैसे नशा अच्छे खासे परिवार का नाश करता है उस पर विस्तार नाटक में उपस्थित दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया। नाटक के बताया गया कैसे एक अमीर लड़का अपने फायदे के लिए गरीब लड़के से दोस्ती कर उसे नशे का सामान मंगवाता है। उसे भी नशे का आदि कर देता है। उधर गरीब लड़के की




मां परेशान होकर रोती बिलखती है तभी सिविल डिफेंस के अधिकारी आकर उन्हें समझाने की कोशिश करते हैं। जिस पर अमीर घर का लड़का गरीब घर की लड़के को बोलता है अरे डरने की कोई बात नहीं है। यह पुलिस थोड़ी है सिविल डिफेंस का आदमी है। इसका काम आपदा के समय सहायता करना है। तभी सिविल डिफेंस के पदाधिकारी हंसते हुए कहते हैं हां हां बिल्कुल सही कहा। यह समय भी तो आपदा का है। नशा एक आपदा ही तो है। जिससे मैं तुम लोगों को निकालने आया हूं। यह कहकर उपस्थित दर्शकों के तरफ करके कहते हैं हां नशा जैसा आपदा अच्छे-अच्छे परिवार को नष्ट कर देता है।अगर आपको भी अपने परिवार को नष्ट नहीं करना है और एक अच्छा स्वस्थ परिवार का निर्माण करना है तो भारत को नशा से मुक्त करना होगा। जिसकी शुरूआत आप, हम और हम सब से होगी। मौके पर नाटक के कलाकार उपस्थित दर्शकों को नशा से दुर रहने की शपथ दिलाते हैं। एक स्वर में सभी कहते हैं नशा करे नाश।

कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के अधिकारी सुरेश प्रसाद, डिविजनल वार्डेन बलबंत सिंह, स्वयसेवक नागेन्द्र कुमार, उत्तम चक्रवर्ती, प्रेमदीक्षित, ताहिर हुसैन मौजूद रहे। नाटक में गीता थिएटर के गीता कुमारी पीड़ित मां, तुषार करण अमीर लड़के, अभिरंजन कुमार गरीब लड़के तथा प्रेम दीक्षित ने सिविल डिफेंस अधिकारी की भूमिका निभाई।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में समस्याओ को सुना

# कई मामलो का ऑन द स्पॉट किया निष्पादन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अरवा राजकमल ने सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। शुक्रवार को जनता दरबार मे जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं समाजिक समस्याओ को लेकर आए लोग ने आवेदन के माध्यम से समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जिनमे मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, आपसी बटवारा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राशन कार्ड मे नाम जोड़ने, सुधार करने, पॉलिटेक्निक कॉलेज गंहरिया के टूटे हुए बाउंड्री वॉल को जोड़ने, नगर पंचायत क्षेत्र मे पेयजल एवं विधुत आपूर्ति सुदृढ़ करने समेत कई आवेदन प्राप्त हुए। जनकल्याणकारी योजना संबंधित आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

वही अन्य मामलो से प्राप्त सभी आवेदन संबंधित विभागीय पदाधिकारी को हस्तनंतरित करते हुए फरियादियों को आश्वस्त किया गया। संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांचोपरांत समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया।

### इचागढ़ में हाथियों ने चार घरों को किया क्षतिग्रस्त



**ईचागढ़।** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के जाहेरडीह व मानकीडीह में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। जाहीरडीह में मोतीलाल प्रामाणिक , फटीट चन्द्र प्रामाणिक, दुर्योधन नापीत एवं मानकीडीह में भाषाण मांझी का घर को तोड़कर उरई तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे धान व चावलों को नष्ट कर दिया। शुक्रवार को सुचना मिलते ही मुखिया किसुन किस्कू,पंसस सुरेन्द्र नाथ मांझी व वार्ड सदस्य ने गांव पहुंचकर क्षतिग्रस्त घरों का जायजा लिया। मुखिया ने पीड़ित परिवारों को क्षतिग्रस्त घरों का जल्द मुआवजा देने का मांग किया। मुखिया किसुन किस्कू ने बताया 10-12 हाथियों का झुंड ने चार घरों को तोड़कर अनाजों को नष्ट कर गया। उन्होंने कहा हाथियों का झुंड बगल के गांवों में डेरा डाले हुए हैं। जिससे क्षेत्र में लोग दहशत के साए में रात काट रहे हैं। उन्होंने कहा वन विभाग क्षतिग्रस्त घरों का मुआवजा जल्द भुगतान करें। चूंकि अभी बर्षात का मौसम है लोगों को घरों का मरम्मती जरूरी है। उन्होंने कहा वन विभाग हाथियों को भगाएं अन्यथा ग्रामीण उग्र होकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# पर्यावरण संरक्षण के बिना जीवन संभव नहीं है : मिथिलेश ठाकुर

**रंका में 74वां वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन, मंत्री ने किया पौधरोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को रंका प्रखंड के खरडीहा में 74वां वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने पौधरोपण कर लोगां को पौधा लगाने और उसे बचाने का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान मंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को एक-एक पौधा वितरण किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण के प्रदुषण को लेकर पूरा देश चिंतित है। इस समस्या से निपटने के लिए एक मात्र उपाय पौधरोपण करना और उसे सुरक्षित रखना है। जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगातभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। लेकिन जब तक आम जनता सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ेगी,



पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं होगी तब तक इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पायेगा।

उन्होंने कहा कि अफ्रीका के एक शहर में पानी की घोर किल्लत हो गई है। अफ्रीका जैसी स्थिति पैदा होने के पहले ही हमें सचेत होना होगा। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि पानी और पर्यावरण बहुत जरूरी है। डीसी ने कहा कि 150 पंचायत भवन में पौधरोपण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव की शुरूआत वर्ष 1950 में की गयी है। तबसे वन महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रंका पूर्वी वन क्षेत्र के कंचनपुर और दौनादाग के 50 हेक्टेयर वन भूमि में विभिन्न प्रजाति के 83 हजार पौधा लगाये गये हैं। उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने कहा कि वे जानते हैं कि गरीबों को भोजन बनाने के लिए जलावन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में 4.25 लाख हेक्टेयर वन भूमि है। इसमें 30 हजार हेक्टेयर वन भूमि में पौधरोपण किया गया है। मौके पर एसडीओ रामनारायण सिंह, एसडीपीओ संतोष कुमार, प्रमुख हेमंत लकड़ा, बीडीओ देवानंद राम, सीओ शंभु राम, रेंजर गोपाल चंद्रा, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, दीपक सोनी, पूर्व मुखिया अनिल कुमार, समाजसेवी राजेश मद्धेशिया, देवेंद्रनाथ तिवारी, जैनुल्लाह, पप्पू यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# अंशिका सीयूइटी में स्टेट टॉपर बनीं, परिवार में खुशी

**अंशिका गढ़वा विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र साव की पुत्री है**



**मेराल (आजाद सिपाही):** गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड के संगबरिया गांव की अंशिका गुप्ता ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) में स्टेट टॉपर लिस्ट में जगह बनाकर अपना और अपने गांव का नाम रोशन की है। अंशिका ने 800 में से 787.2 अंक हासिल कर टॉपर लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। डीएवी रांची की छात्रा अंशिका ने 12वीं की परीक्षा में 94.5 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर लिस्ट में शामिल हुई थी। अंशिका गढ़वा विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र साव की पुत्री है, अपनी इस कामयाबी पर अंशिका ने बताया कि जितनी मेहनत की थी, उस मुताबिक भरोसा था कि परीक्षा पास कर लूंगी, परंतु राज्य टॉपर बनूंगी इसकी उम्मीद नहीं थी। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत खुशी की बात है।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना और परिवहन भत्ता वितरण का शुभारंभ आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के तहत मुख्यमंत्री झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूरल स्किल एक्विसिसन (बिरसा) तथा रोजगार प्रोत्साहन भत्ता एवं परिवहन भत्ता वितरण का शुभारंभ दिनांक 22 जुलाई 2023 को किया जाना है, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के साथ संवाद भी किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के




निमित्त इसकी सफलता हेतु आज दिनांक- 21 जुलाई 2023 को उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा गढ़वा जिला के रंका अनुमंडल मुख्यालय में स्थापित यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति प्रशिक्षण केंद्र में दिनांक-22 जुलाई 2023 को अपराह्न 01 बजे से आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की तैयारी हेतु कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उपायुक्त गढ़वा श्री जमुआर द्वारा जिला नियोजन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्यक्रम के निमित्त अपने स्तर से ससमय सभी व्यवस्था यथा- निर्बाध विद्युत एवं इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी रंका देवानंद राम और अनुमंडल पदाधिकारी रंका रामनारायण सिंह को कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु उप विकास आयुक्त गढ़वा राजेश कुमार राय को संपूर्ण कार्यक्रम का वरीय प्रभारी बनाया गया है।

# संत जेपी स्कूल के बच्चों ने थाना परिसर में किया पौधरोपण



**रमना(आजाद सिपाही)।** रमना थाना परिसर में शुक्रवार को संत जेपी स्कूल एवं कस्तूरबा हॉस्पिटल रमना के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिसमें अंचल अधिकारी सतीश कुमार सिन्हा, प्रमुख करुणा सोनी, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, वन रक्षक सचिन सिंह, संत जेपी स्कूल के निर्देशक डा पारस नाथ, प्रधाना ध्यापक रोहित रंजन सहित शिक्षकों व बच्चों एवं पुलिस जवानों ने सामूहिक रूप से पीपल, नीम, शीशम, बरगद, जामुन, खैर इत्यादि के 101 पौधो का रोपण किया गया। संत जेपी स्कूल के प्रधानाध्यापक रोहित रंजन ने बच्चों को पेड़ पौधे से होने वाले लाभों की जानकारी दी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com
पत्रांक......................../सिमडेगा, दिनांक ......................../

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **RDD/SD/SIMDEGA/ 02/2023-24 (2nd Call)** जिसका **Pr. N0. 302782 Rural Work (23-24).D** है के द्वारा प्राकाशित निविदा क्रमांक 7 में वर्णित निविदा खोलने का स्थान **E-procurement cell** मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, राँची के स्थान पर कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR 302889 Rural Development(23-24)D

# लियो क्लब ने छायेदार और फलदार पौधे लगाये




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के बस स्टैंड स्थित शालिग्राम अग्रवाल मध्य विद्यालय के कैंपस में लिओ क्लब ऑफ गढ़वा ज्ञान गंगा की ओर से फलदार और छायादार पौधा लगाया गया। इस कार्यक्रम के तहत, पर्यावरण की संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सभी लोगों ने मिलकर पौधे लगाने में हिस्सा लेने का प्रयास किया। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के पूर्व लिओ एडवाइजर अमित कुमार ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की आवश्यकता है और यह पौधारोपण का परमानेंट प्रोजेक्ट है, जो इनलोगों के द्वारा लगाये गये सैकड़ों पौधों को सुरक्षित रखने में सक्षम है और फल दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित लायंस ग्रीन के पूर्व अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, लिओ मल्टिपल 322 के कोऑर्डिनेटर अनुप ठाकुर, क्लब सचिव मानस अग्रवाल, उपाध्यक्ष अतुल दुबे, कोषाध्यक्ष अंकुर दुबे, गौरव केशरी, विद्यालय के शिक्षक रविरंजन वर्मा,प्रभात सिंह, कासिन अंसारी, अरुण तिवारी, सचिता पांडेय, संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रतिमा मिश्रा भी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 21 जुलाई को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला तंबाकू नियंत्रण टीम के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार गढ़वा में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत छात्र छात्राओं का संवेदीकरण किया गया। बच्चों को तंबाकू से होने वाली हानि के बारे बताया गया। यह बताया गया कि किस तरह यह हार्ट फेल होने की समस्या को बढ़ावा देता है। तंबाकू का सेवन करने से मुंह का कैंसर होने एवं के सुखी सम्पन परिवार को बर्बाद कर देने की बात पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के उपरांत छात्र छात्राओं के बीच शपथ ग्रहण भी करवाया गया कि वे तंबाकू का



सेवन नहीं करेंगे। साथ ही अपने परिजनों को भी इससे होने वाले बीमारियों एवं नुकसान के बारे में बताएंगे। जिला तंबाकू नियंत्रण टीम के तरफ से सामाजिक कार्यकर्ता विनय शर्मा एवम शिक्षक राजेश कुमार पांडेय मुख्य रुप से कार्यक्रम में शामिल थें। कार्यक्रम के उपरांत छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन कराते हुए उनके बीच पुरस्कार के रूप में डिक्शनरी एवं स्कूल बैग तथा इंस्ट्रूमेंट बॉक्स आदि दिया गया।

# सगमा के समीप प्रीति ऑटो इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का शुभारंभ



**सगमा(आजाद सिपाही) :** धुरकी नगर उंटारी मुख्य मार्ग पर स्थित मध्य विद्यालय सगमा के समीप शुक्रवार को प्रीति ऑटो इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का शुभारंभ विधायक भानु प्रताप शाही, जिला परिषद प्रतिनिधि नंद गोपाल यादव, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव मुखिया तेज लाल भुइया आदि ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर कर तथा फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि धुरकी नगर उंटारी मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के चालू होने से आस-पास के किसान साथ राहगीरों को डीजल, पेट्रोल लेने में सहूलियत होगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या – 6 वर्ष 2023–2024**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक: **27.07.2023** को अपराह्ण **1.00** बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक: **28.07.2023** को अपराह्ण **3.00** बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक: **28.07.2023** को अपराह्ण **3.30** बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Birsa Munda Complex at Ulihatu, Dist - Khunti for the Year 2023-24. | 30,54,700.00 | 5,000.00 | 61,100.00 | 2 Months |

नोट:- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा। निविदा की शर्तें सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 302876 Building(23-24)#D

# दिनेश प्रसाद सिंह को प्रथम कुलाधिपति बनाये जाने पर पदाधिकारियों ने किया सम्मानित



**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को यूनिवर्सिटी बनाये जाने और संस्थान के चेयरमैन दिनेश प्रसाद सिंह को प्रथम कुलाधिपति बनाये जाने पर रेडक्रॉस गढ़वा के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर एम पी गुप्ता, सचिव डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी एवं सह सचिव नंदकुमार गुप्ता शामिल थे। बधाई देते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि गढ़वा के लिए यह गर्व की बात है कि गढ़वा जैसे पिछड़े जिले में यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है और उसके पहले कुलपति आपको बनाया गया है। श्री दिनेश सिंह को वनांचल डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल यूनिवर्सिटी के कुलपति बनाये जाने पर रेडक्रॉस के सर्वश्री ब्रजमोहन प्रसाद, रघुबीर प्र कश्यप, मनोज केसरी रूपा गंजी, ज्ञानप्रकाश केसरी, संतोष मेहता, अवधेश कुशवाहा, भरत प्रसाद केशरी आदि लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है और आशा व्यक्त की है की डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल यूनिवर्सिटी बनने के बाद क्षेत्र के जरूरतमंद और गरीब परिवार के लोगों को मेडिकल की पढ़ाई में विशेष सुविधा मिलेगी।

# घटिया सामग्री लगाने से नाराज ग्रामीणों ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही):** ग्रामीण विकास विभाग के तहत मकरी मुख्य पथ से लेकर गडेरियाडीह टोला होते हुए सिंघिताली मुख्य पथ तक 2 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से बन रहे पीसीसी पथ निर्माण में संवेदक द्वारा बिना रोलिंग किये ही घटिया मैटेरियल लगाने से नाराज ग्रामीणों ने गढ़वा उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर पथ निर्माण में सुधार की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पीसीसी पथ निर्माण में संवेदक द्वारा मनमानी ढंग से कार्य कराया जा रहा है। कहा कि घटिया पथ निर्माण को लेकर इससे पूर्व दो बार ग्रामीणों के विरोध के बाद विभाग द्वारा जाँच कर पथ निर्माण में गुणवत्ता लाने का निर्देश संवेदक को दिया गया था। इसके बावजूद संवेदक द्वारा पीसीसी पथ निर्माण कार्य में बिना सुधार लाये घटिया निर्माण जारी है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त पथ की जाँच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण पथ निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन देने वालों में अरविंद पाल, अंकुश पाल, मुस्ताक अंसारी, चंदन सिंह, अरुण कुमार, मुन्ना अंसारी, राजकुमार, संजय पाल सहित सैकड़ो ग्रामीण का नाम शामिल है।

# ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर, मोटरसाइकिल सवार तीन लोग घायल

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया बडगड मुख्य मार्ग के नौका गांव स्थित आईटीआई कालेज के समीप गुरुवार के शाम करीब छः बजे ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल के आमने सामने भीषण टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना में शामिल सभी घायलों को स्थानीय व राहगीरों के मदद से तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के सदर अस्पताल गढवा भेजा गया है। घायलो मे जितेंद्र बाखला, महिमा खलखो व रबिना खलखो भंडरिया थाना क्षेत्र के सालों गांव के बताये गये हैं। दोनों घायल महिला आपस में गोतनी का बतायी गयी हैं। वहीं भंडरिया पुलिस घटना स्थल पहुंच घटना में शामिल दौनों वाहनों को जब्त कर थाने ले आई है। ट्रैक्टर भंडरिया थाना क्षेत्र के हेसातु गांव निवासी राजेंद्र साव बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक घटना के समय नशे में धुत था। तथा ट्रैक्टर काफी तेज गति से चला रहा था।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
ई0 निविदा संख्या– **WRD/MIDIV GARHWA/ 05-F2/2023-24**
पत्रांक – 595 गढ़वा/दिनांक – 19.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मझिगांव मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 98,23,042.12/– (अन्ठानबे लाख तेईस हजार बेयालीस रू0 बारह पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00 (दस हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 27.07.2023 12:00 PM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2023 12:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 12.08.2023 04:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.08.2023 01:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। मो0– 9931162912 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। 3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई,रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

PR 302882 Minor Irrigation(23-24).D

# गढ़वा को विकास के पटल पर सबसे उपर पहुंचाना ही लक्ष्य : मंत्री मिथिलेश

## रंका के खरडीहा में पंचायत स्तरीय जनता संवाद कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रंका प्रखंड के खरडीहा पंचायत में शुक्रवार को पंचायत स्तरीय जनता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पंचायत के खरडीहा गांव में रंका पूर्वी वन प्रक्षेत्र के समीप सलेया में चपु चंद्रवंशी के घर के समीप, सेरासाम में धुमकुड़िया भवन में तथा तेनुडीह गांव स्थित पीपल पेड़ के समीप एक दिवसीय पंचायत



स्तरीय जनता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। कई समस्याओं का मंत्री ने ऑन द स्पॉट निष्पादन कराया। जबकि शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जनसंवाद में ग्रामीणों ने पेयजल, राशन, आवास, पेंशन आदि की समस्या से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निदान करने का निर्देश दिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि लोगों ने जिस उम्मीद के साथ राज्य में नई सरकार का चयन किया है, आज झारखंड की हेमंत सरकार लोगों की उम्मीदों पर पूरी तरह पर खरा उतरने का प्रयास कर रही है। गढ़वा की जनता ने उन्हें जब से सेवा का मौका दिया है तब से वे सेवक के रूप में हमेशा गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता के लिए कार्य कर रहे हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
ई0 निविदा संख्या– **WRD/MIDIV GARHWA/ 06-F2/2023-24**
पत्रांक – 596 गढ़वा/दिनांक – 19.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मानपुर मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 36,95,193.31/– (छत्तीस लाख पन्चानबे हजार एक सौ तिरान्वे रू0 एकतीस पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 5,000.00 (पांच हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 27.07.2023 12:00 PM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2023 12:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 12.08.2023 04:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.08.2023 01:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। मो0– 9931162912 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। 3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR302930 (Minor Irrigation)23-24*D

## निर्देश : खूंटी में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का शुभारंभ

# एक भी योग्य मतदाता का नाम सूची में छूटना नहीं चाहिए : के रवि कुमार

21 जुलाई से 21 अगस्त के बीच चलेगा सूची सुधार कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

### त्रुटिमुक्त और समावेशी मतदाता सूची बनाने के लिए सभी बीएलओ को किया गया है प्रशिक्षित : डीसी


मतदाता सूची में नाम अंकित कराने को लेकर लोगों को जागरूक करते डीसी व अन्य

**खूंटी।** जिले में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का शुभारंभ शुक्रवार से हुआ। जिसका उद्घाटन रांची के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के रवि कुमार, खूंटी के डीसी शशि रंजन, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, परियाजना निदेशक आइटीडीए संजय भगत सहित अन्य पदाधिकारियों ने समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता रथ को रवाना कर व गुब्बारे उड़ाकर किया। साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान की भी शुरूआत की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला मुख्यालय के पिपरा टोली मोहल्ले दौरा कर बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि 21 जुलाई से 21 अगस्त की अवधि में बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम का सत्यापन कर त्रुटिमुक्त और समावेशी मतदाता सूची बनानी है। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं का पंजीकरण किया जाना है। मतदाता सूची व फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निराकरण किया जाएगा। नवविवाहित महिला मतदाताओं का नाम और नये पते का अद्यतनीकरण किया जाना है। उक्त अवधि के दौरान दिवंगत मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपन का कार्य किया जाएगा। उन्होंने संबधित पदाधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देश दिया कि जिला में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि एक भी योग्य मतदाता का नाम छूट नहीं पाये। उन्होंने मतदाताओं से मिलकर उन्हें जागरूक भी किया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आमजनों से अपील की कि मतदाता सूची में निबंधन, स्थानातंरण, सुधार, नाम विलोपन आदि की जानकारी घर पहुंचने वाले अपने बीएलओ को दें। वहीं, डीसी ने कहा कि जिले के लिए यह गौरव की बात है कि राज्य में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का शुभारंभ खूंटी जिले से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में सभी बीएलओ को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इस मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रिंस गॉडविन कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मिनाक्षी भगत आदि उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट रेल के तहत 9वीं-10वीं के छात्र-छात्राओं का हुआ मूल्यांकन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रोजेक्ट रेल तहत खूंटी जिले के चयनित 50 उच्च विद्यालयों में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्रों के विज्ञान विषय का मूल्यांकन शुक्रवार को वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आधार पर किया गया। खूंटी, कर्रा, रनिया और तोरपा के उच्च विद्यालयों में कक्षा 9वीं में नामांकित कुल 4226 के विरूद्ध 3677 एवं कक्षा 10वीं में नामांकित 3630 के विरुद्ध 3079 बच्चे मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हुए। डीसी शशि रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने खूंटी प्रखंड के विद्यालयों का अनुश्रवण किया। साथ ही जिले के सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, संजना पात्रो, एमजीएनएफ और संकुल साधनसेवियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों का अनुश्रवण किया गया। इस क्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बच्चों को मूल्यांकन के संबंध में जानकारी दी और शिक्षकों को छात्रों की शंकाओं के समाधान करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन 24 जुलाई को किया जाएगा। इसका वीडियो यू-ट्यूब में अपलोड कर सभी छात्रों को दिखाया जायेगा, ताकि उनकी शंका का निवारण किया जा सके।

## खेत की जुताई करते समय ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तपकारा थाना क्षेत्र के बिरता टोंगरी के पास खेत की जुताई करने के दौरान ट्रैक्टर के पलट जाने से उसमें दबकर चालक की मौत हो गयी। उसकी पहचान जगदीश चीक बड़ाईक (50) के रूप में हुई है। वह बरदा गांव का रहने वाला है। वह पेशे से चालक था। जानकारी के अनुसार तपकरा थाना क्षेत्र के बिरता टोंगरी गांव के पास विलकन गुड़िया के खेत में ट्रैक्टर से खेत की जुताई के दौरान यह घटना घटित हुई। वह शुक्रवार को सुबह लगभग नौ बजे बिरता टोंगरी के पास विलकन गुड़िया के खेत की जुताई कर रहा था। तभी ट्रैक्टर का चक्का एक बड़े गड्ढे में चला गया। इस कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें दबकर जगदीश की मौत हो गई। तपकरा थाना की पुलिस को घटना की सूचना मिलने के बाद एसआई रोशन सिंह, बलराम सिंह और एएसआई रामजनुल हक मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टामर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, जहां अंत्यपरीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी वहां पहुंचे और ट्रैक्टर के नीचे दबे शव को निकालने का बहुत प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने दूसरा ट्रैक्टर बुलाकर रस्सी के सहारे गड्ढे में फंसे ट्रैक्टर को निकलावाया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### युवा व्यापारी से दिनदहाड़े लूटकांड का अब तक उद्भेदन नहीं कर पायी बुंडू पुलिस

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के बारूहातु पंचायत के बंजारी बाजार में 11जुलाई को दिनदहाड़े बुंडू के युवा व्यवसायी रोशन भगत को गोली मारकर उनसे ढाई लाख रुपए लूट लिए इस घटना में वे बाल-बाल बच गए उन्हें दो गोली मारी गई जो डॉक्टरों की टीम ने उनके शरीर से ऑपरेशन कर निकाला गोली लगने से उनका पैर क्षतिग्रस्त हुआ भागते समय अपराधी के एक पिस्तल गिर गये थे ग्रामीणो ने पिस्टल पुलिस को सौपा बुंडू पुलिस अब तक ना तो किसी को पकड़ पाई है और ना ही कोई सुराग मिला है इससे लोगों का पुलिस से भरोसा उठता जा रहा है लोग थाना में केस करने से इतरा रहे हैं हालांकि पुलिस ने अपराधियों के कई फोटो रोशन भगत को दिखाया लेकिन वह पहचान नहीं पा रहा है जिससे रोशन भगत के परिवार काफी भयभीत हैं

### सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन बुंडू संत जेवियर्स हाइस्कूल की टीम ने दर्ज की जीत

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** खेलों झारखंड के अंतर्गत 62 वी सुब्रतो मुखर्जी टूनार्मेंट 2023 समापन आज झमाझम वारिस में किया गया। जिसमें अंडर 14 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला संत जेवियर हाई स्कूल बुंडू और राजकीयकृत मध्य विद्यालय रेलाडीह के बीच खेला गया जिसमें संत जेवियर्स हाई स्कूल बुंडू की टीम विजय रही। वही अंडर-17 बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला बालिका उच्च विद्यालय बुंडू और राजकीयकृत अभ्याशिक मध्य विद्यालय बुंडू के बीच खेली गई जिसमें बालिका उच्च विद्यालय बुंडू बिजयी रही साथ ही अंडर 17 बालक वर्ग में रमेश सिंह मुंडा स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय बुंडू वर्सेस संत जेवियर्स हाई स्कूल बुंडू के बीच खेली गई जिसमें रमेश सिंह मुंडा स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय बुंडू विजयी रहा। आयोजक समिति ने विजयी टीम को बधाई दी।
इस टूनार्मेंट में मुख्य रूप से यशपाल कुमार, कार्तिक प्रमाणिक, सजल कुंडू, भूपेंद्र कुमार, सुरेश चंद्र महतो, मोहित मिंज, संजय कुमार प्रमाणिक, प्रकाश टोप्पो, महावीर महतो, जयप्रकाश लाकड़ा, शीला कुमारी, सुनीता कुमारी सहित कई शिक्षक सामिल रहे।

### सताकी पंचायत में एसएसबी के जवानों ने नशा मुक्ति के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सताकी स्थित एसएसबी 26 वी बटालियन ए कंपनी के जवानों ने कमांडेंट एसडी शेरखाने के आदेशानुसार पंचायत जिन्तुपीड़ी गांव में ग्रामीणों के बीच नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों को नशीले पदार्थ से दूर रहने, स्वास्थ्य रहने के लिये योगा करने, मेडिसिन की महत्व को समझने, सरकार से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दिया गया। मौके पर इंस्पेक्टर मंटू कुमार, एएसआई चेवांग नॉर्बो, हरदीप सिंह सहित कई जवान और ग्रामीण मौजूद थे।

### एथलेटिक्स व फुटबॉल ट्रायल चयन प्रतियोगिता कल

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** गणेश स्पोटिंग क्लब राय की ओर से 23 जुलाई को सुबह 8 बजे से बचरा चार नंबर खेल मैदान में झारखंड स्टेट के बालक एवं बालिकाओं का एथलेटिक्स एवं फुटबॉल खेल का ट्रायल चयन प्रतियोगिता आयोजित होगा। जिसे लेकर क्लब की ओर से सभी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। क्लब के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को गणेश स्पोटिंग क्लब की ओर से प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएग। साथ ही दो साल तक निःशुल्क एथलेटिक्स एवं फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा जिला, राज्य एवं राष्टीय स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए तैयारी कराया जाएगा। चयन प्रतियोगिता में 10 से 20 वर्ष तक के बालक-बालिका एथलेटिक्स व फुटबॉल खिलाड़ी शामिल हो सकते है।

### मनायी गयी कॉमरेड एके रॉय की पुण्यतिथि



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) एनके एरिया द्वारा शुक्रवार को डकरा में बीसीकेयू के संस्थापक कामरेड एके रॉय की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिथिलेश पासवान एवं संचालन जंगबहादुर राम ने किया। इस दौरान कामरेड एके रॉय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। सभा को केंद्रीय सचिव धनेसर तुरी, रतिया गंझू, इरफान खान, संतोष मेहता ने संबोधित किया। कहा कि तीन बार सांसद व तीन बार विधायक रहते हुए कामरेड एके रॉय ने हमेंशा आम जनता की तरह बस और टेंपो में सफर किया। उनके बताए गए मार्ग पर चल कर ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर एल शुक्ला, जंगबहादुर राम आदि थे।

## प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआइ के दो उग्रवादी गिरफ्तार

कारतूस, चोरी की बाइक, संगठन का पर्चा और रसीद बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मुरहू थानांतर्गत ग्राम एतरे तपिंगसरा की ओर जाने वाली सड़क पर शुक्रवार को पुलिस ने अभियान चलाकर ठेकेदारों से लेवी वसूली के लिए बाइक में भ्रमणशील प्रतिबंतिध संगठन पीएलएफआई के दो उग्रवादी को खदेड़कर पकड़ लिया। उनकी पहचान अनुज बोदरा और सुधीर बोदरा के रूप में हुई, जो सहोदर भाई हैं। दोनों पश्चिम सिंहभूम के बंदगांव थानांतर्गत माटागड़ा गांव के रहने वाले हैं। इस दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से पांच जिंदा कारतूस, पीएलएफआई संगठन का पर्चा, चंदा रसीद, तीन मोबाइल फोन और चोरी की बाइक बरामद की गयी है। पुलिस की मानें तो बाइक को जून महीने में ही खूंटी थाना क्षेत्र से चोरी किया गया था। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने शुक्रवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

एसडीपीओ ने बताया कि इस दनि सुबह एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि पीएलएफआई के एरिया कमांडर राडूग बोदरा उर्फ लंबू अपने दस्ते के सदस्यों के साथ ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए भ्रमणशील है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एएसपी अभियान रमेश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए जंगल के समीप बाइक पर सवार दो उग्रवादियों को खदेड़कर पकड़ लिया। हालांकि एरिया कमांडर सहित पांच-छह अन्य उग्रवादी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार सुधीर बोदरा के विरूद्ध पिछले वर्ष मुरहू थाने में एक मामला दर्ज है। छापामार टीम में एसडीपीओ के अलावा मुरहू थाना प्रभारी चुड़ामणि टुडू मुरहू थाना के एसआई दिगम्बर पांडेय, लक्ष्मण चौधरी, विक्की ठाकुर और विनोद कुमार सहित सशस्त्र बाल के जवान शामिल थे।

## कामरेड बिरबल मुंडा के निधन पर माकपा-किसान सभा ने दी श्रद्धांजलि

**राहे (आजाद सिपाही)।** राहे लोकल कमेटी क्षेत्र के माकपा नुरू ब्रांच के सदस्य सह किसान नेता कामरेड बिरबल मुंडा (45) के निधन पर माकपा व किसान सभा की ओर से श्रद्धांजलि दी गयी। शवयात्रा एवं दाह संस्कार में भाग लेते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सह माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य सुफल महतो ने कहा कामरेड बिरबल मुंडा के पार्टी किसान सभा एवं समाज के प्रति उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। किसान आंदोलन, नौ जून को बिरसा उलगुलान दिवस एवं अन्य कार्यक्रमों में उनकी सराहनीय भूमिका था। वे कर्मठ एवं निडर साथी थे। वहीं, शवयात्रा में लोकल कमेटी सदस्य श्रवन मुंडा, भोथू मुंडा, राजू मुंडा, सुखराम मुंडा, खेतु कुम्हार, बुद्धदेव मुंडा और मनसा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर दो साल तक यौन शोषण, पीड़िता ने दर्ज करायी शिकायत

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** राहे ओपी अंतर्गत कोटागदाग निवासी एक युवती ने शादी का झांसा देकर एक युवक पर दो साल तक उसका यौन शोषण का आरोप लगाते हुए सिल्ली थाना में मुकेश कुमार नामक युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि मुकेश कुमार विगत दो साल से कथित रूप से लड़की के साथ अवैध संबंध बना रहा था। बाद में जब लड़की ने शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया और दूसरी लड़की से शादी कर ली। इसके बाद लड़की ने मुकेश के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। उसे पकड़ने के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। वह जल्द पकड़ा जायेगा।

### रांची ग्रामीण एसपी ने खलारी थाना में की उग्रवाद-अपराध की समीक्षा बैठक

## अग्रवाद-अपराध पर संगठित रूप से योजना बनाकर कार्रवाई करें: नौशाद


समीक्षा बैठक के दौरान रांची ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम व खलारी डीएसपी अनिमेश नैथानी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शुक्रवार को खलारी थाना में उग्रवाद व अपराध को लेकर समीक्षा बैठक की। जिसमें खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी व खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम भी शामिल थे। इस अवसर पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि खलारी पुलिस अनुमण्डल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र में टीएसपीसी, अमन साव सहित सक्रिय अन्य गिरोह की गतिविधियां पिछले एक सप्ताह में बढ़ी हुई है। अरविंद जी, प्रधान जी सहित अन्य नाम बदल-बदल कर लोगों के पास लेवी के रूप में के लिये धमकी भरे फोन किए जा रहे हैं। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। इसी को देखते हुए अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग व वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा कि वैसे जो भी लोग अपराधिक तत्व, प्रतिबंधित संगठन से जुड़े है उन पर नकेल कसने के लिये संगठित रूप से योजना बनाकर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही क्षेत्र के लोगों से भी अपील की कि जिसके पास भी धमकी भरा फोन जा रहा है उसे छिपाये नहीं, बल्कि पुलिस के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि इन अपराधियों के जो सहयोगी है उन्हें भी समझाया जा रहा कि वे इन अपराधियों का सहयोग ना करें जो कानून हाथ में लिये हुए है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जितने भी टॉप लीडर है वे सरकार की ओर से मुख्यधारा से जोड़ने के लिये चलायी जा रही योजना नई दिशायें से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड रहे है और सरकार से मिलकर सहयोग कर रहे है। वैसे ही जो लोग बचे हुए है वे भी आये, वे भी समाज के लोग ही है। कहा कि रांची पुलिस सक्षम है। कानून का हाथ लंबा है। वैसे लोग कहीं ना कही पुलिस की गिरफ्त में आ ही जायेंगें।

### मंत्री आलमगीर आलम से मिले राजद खलारी प्रखंड अध्यक्ष समस्याओं से कराया अवगत


मंत्री आलमगीर आलम से मिलने पहुंचे खलारी प्रखंड अध्यक्ष मो इस्माइल।

**खलारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल खलारी प्रखंड अध्यक्ष मो इस्माइल अंसारी ने शुक्रवार को मंत्री आलमगीर आलम से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मोहम्मद इस्माइल ने खलारी प्रखंड में व्याप्त कई समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। बातचीत के क्रम में उन्होंने खलारी कोयलांचल क्षेत्र में असंगठित मजदूरों, रैयतों, विस्थापितों, प्रभावितों की भी ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जानकारी दी। मो इस्माइल अंसारी ने उम्मीद जताई कि जल्द ही मंत्री जी की ओर से उक्त समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

## खूंटी में 29-30 जुलाई को निकलेगा मुहर्रम का जुलूस



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को एसपी अमन कुमार से मुलाकात की। उनसे मुहर्रम का जुलूस निकाले जाने को लेकर बातचीत की। कमेटी ने एसपी से शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती का आग्रह किया। एसपी को बताया कि सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष जमील अख्तर, महासचिव सयूम अंसारी, ज्वाइंट सेक्रेट्री अकरम हुसैन, इरफान अंसारी और इम्तियाज अंसारी के नेतृत्व में मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। वहीं, कमेटी के महासचिव सयूम अंसारी ने बताया कि योमें असुरा में मुहर्रम का जुलूस 20 जुलाई से असुरा का दिन शुरू होता है।1445 हिजरी के मुताबिक 25 जुलाई को पांचवीं का निशान शिवाजी चौक में फहराया जाएगा और सातवीं का निशान 27 जुलाई को सभी अखाड़ों में कराया जाएगा। 29 जुलाई को नवमी का जुलूस शाम को पांच बजे से निकाला जाएग। 30 जुलाई को पहलाम का जुलूस दिन के 12 बजे निकाला जाएगा। इससे पहले 30 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे जिला प्रशासन के अधिकारियों और खूंटी के गणमान्य व्यक्तियों का दस्तार बंद किया जाएगा।

## राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि से मिले आरवीएम उपाध्यक्ष



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने चतरा के राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस के वरिष्ट नेता शब्बिर हुसैन से उनके चतरा स्थित आवास जाकर मुलाकात की। इस दौरान उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। इकबाल हुसैन ने बताया कि शब्बिर हुसैन पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे हैं। उनके जल्द स्वास्थ्य की कामना की गई। इस दौरान दोनों के बीच वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर तस्दीक आलम, रवि सिंह, मोहम्मद अफजाल, मोहम्मद नदीम आदि मौजूद थे।

## दो वाहनों से 2630 किलो अवैध अफीम डोडा बरामद




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शुक्रवार तड़के सायको थानांतर्गत गिड़ूम कूड़ापूर्ति गांव के समीप पक्की सड़क पर अभियान चलाकर 709 ट्रक और पिकअप वाहन से 2630 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया। दोनों वाहनों में 134 प्लास्टिक बोरियों में भरकर अफीम डोडा को तस्कर अन्यत्र ले जा रहे थे। पर पुलिस को देखते ही चालक और उस पर सवार तस्कर वाहन खड़ी कर जंगल झाड़ी और अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। वे शुक्रवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार देर रात एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कूड़ापूर्ति के जंगली क्षेत्र से डोडा तस्कर वाहनों से अवैध डोडा को अन्यत्र ले जाने वाले हैं। इसके बाद एसपी द्वारा गठित छापामार टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्करी के लिए ले जाए जा रहे अफीम डोडा लगे वाहन को जब्त कर लिया। दोनों वाहन के चालक और वाहन मालिक के विरूद्ध सायको थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, छापामार टीम में एसडीपीओ के अलावा एसएसबी 26 बटालियन हूंट के इंस्पेक्टर नकुल चन्द्र मंडल, सायको थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो सहित एसएसबी हूंट और सायको थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## दुकान आवंटन को लेकर पूर्व विधायक ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत समिति फंड की ओर से निर्मित दुकानों के आवंटन में देरी को लेकर भाजपा की तरफ से लगातार ज्ञापन दिया जा रहा है, जबकि प्रशासन ने अभी तक दुकानों का आवंटन नहीं किया है। इसे लेकर मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने रांची डीसी को ज्ञापन सौंपा है। बताया गया कि प्रशासन द्वारा 26 जून तक आवंटन के लिए आवेदन मांगा गया था। लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में लोगों को इसकी जानकारी नहीं हो पाई। जिस कारण जरूरतमंद व बेरोजगार लोग आवेदन जमा नहीं कर पाए। पूर्व विधायक ने दोनों दुकानों के आवंटन निष्पक्ष व पारदर्शिता के लिए लोगों को जानकारी देकर व प्रचार प्रसार करके आवंटन की प्रकिया कराये जाने की मांग की है। गौरतलब हो कि पूर्व में भी 10 जुलाई को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुकानों के आवंटन को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा था।

**घोषणा : रांची डीसी से मुलाकात कर मांडर विधायक ने सौंपा ज्ञापन**

# बेड़ो व बारीडीह पड़हा जतरा शीघ्र ही घोषित होगा राजकीय मेला: शिल्पी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेड़ो बाजार टांड़ और बारीडीह जतरा टांड़ में तीन जून को एक ही दिन वर्षों से पारंपरिक तरीके से आयोजित होनेवाला वार्षिक पड़हा जतरा समारोह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इन दोनों पड़हा जतरा को शीघ्र ही राजकीय मेला घोषित किया जायेगा। इसी संदर्भ में रांची डीसी की ओर से शुक्रवार को आयोजित बैठक में उन्होंने बेड़ो के पड़हा जतरा समारोह व बारीडीह पड़हा जतरा समारोह को राजकीय मेला एवं महोत्सव घोषित करने का आग्रह किया था। जिसका


रांची डीसी को ज्ञापन सौंपतीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

अनुमोदन रांची डीसी ने दे दिया है। शीघ्र ही उस पर विभागीय अनुशंसा कर दी जायेगी। विधायक ने कहा कि आदिवासियों की सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित होनेवाला पड़हा जतरा आदिवासियों एवं मूलवासियों के परस्पर सहयोग का आधार है। इसमें पड़हा समाज के लोग अपने-अपने प्रतीक चिन्ह झण्डा, हाथी, घोड़ा, रम्पा-चम्पा, झंडा, ढोल, ढाक, नगाड़ा, रणभेरी व मांदर आदि के साथ विशाल शोभायात्रा में भाग लेते हैं।

उन्होंने कहा कि पड़हा जतरा एक समृद्ध परंपरा है, जिसमें विभिन्न पड़हा क्षेत्र के पड़हा राजा दीवान, पहान, महतो, कोटवार आदि की अगुवाई में भव्य शोभा यात्रा आयोजित होती है। यहां परंपरागत सामाजिक सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाने व विकास की योजना के साथ सामाजिक पारंपरिक व्यवस्था आदि की समीक्षा की जाती है। इन्हीं के बलबूते झारखंड के लोग अपने सपनों के सहारे ऊंची उड़ान भरते हैं। उन्होंने कहा कि पड़हा जतरा समारोह के आयोजन के कारण न केवल इस क्षेत्र के ग्रामीणों के जीवन में उत्साह का संचार होता है, बल्कि अनेक लोगों के लिये यह जीवन-यापन का माध्यम भी है। क्योंकि कई छोटे किसान-व्यापारी इस मेले का पूरे साल भर इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि एक बार पुनः नये सिरे से इस बात का संकल्प लेने की जरूरत है कि हम अपनी संस्कृति के अनुरूप ही हमेशा आगे बढ़ते रहें। साथ ही झारखंड के विकास व यहां के लोगों की प्रगति में अपना योगदान देते रहें।

## बाबूलाल मरांडी से मिले अश्विन झा



नामकुम (आजाद सिपाही)। नरेंद्र मोदी विचार मंच झारखंड के संयोजक अश्वनि झा एवं सह संयोजक मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने बाबूलाल मरांडी से मंच के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुये कहा कि मंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही है। बताया कि मंच द्वारा केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिये अभियान चलाया जायेगा और लोगों को योजनाओं की सही जानकारी दी जायेगी। साथ ही जनता को जागरूक करने का प्रयास भी किया जायेगा। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने मंच को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया और जल्द ही जन जागरण अभियान शुरूआत करने की बात कही।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### टाटीसिलवे हरि नगर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




अनगड़ा (आजाद सिपाही)। शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को हरि नगर टाटासिलवे में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 50 से भी अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उनके बीच दवा का वितरण किया गया। मरीजों के स्वास्थ्य की जांच शालिनी अस्पताल नारायणसोसो अनगड़ा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अगस्टीन गुड़िया ने किया। इस अवसर पर कहा गया कि उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से लगातार नामकुम एवं अनगड़ा प्रखण्ड क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लाभांवित हो रहे हैं। इस मौके पर शालिनी अस्पताल के शिशिर कुमार भगत, अजीत कु महतो, संपूणार्नंद महतो, हरी नगर के रामदेव राय, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### टाइगर जयराम महतो के भाई की शादी में जुटे हजारों क्रांतिकारी



नामकुम (आजाद सिपाही)। भाषा, खतियान, नियोजन-विस्थापन नीति झारखंडी हित में लागू कराने को लेकर लगातार आंदोलन करने वाले टाईगर जयराम महतो के छोटे भाई श्रीराम की शादी पिछले दिनों कुड़माली रीति-रिवाज के अनुसार हुआ। जिसका प्रीतिभोज कार्यक्रम शुक्रवार को किया गया। प्रीतिभोज में राजधानी रांची के आंदोलन कारी सहित समस्त झारखंड प्रदेश के पांचों प्रमंडल के आंदोलनकारी शामिल हुए। इस मौके पर रांची जिला का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो, क्रांतिकारी सुमित कुमार महतो, लखीन्द्र महतो, रामपोदो महतो, गोविंद महतो, अंगद नायक, राजेश बैठा, सुरेश महतो, विराट महतो, पप्पु कुरमी सहित दर्जनों लोग शामिल हुए और सफल वैज्ञानिक जीवन की शुभकामनाएं दी।

## खेती से सुधरेगा ग्रामीणों का जीवन स्तर : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** राज्य के पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों में धान रोपाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अपेक्षित वर्षा न होने से निराश महिला-पुरुष किसानों से मुलाकात की। इस दौरान किसानों ने उन्हें कहा कि वर्षा नहीं होने से खेती पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। किसानों ने कहा कि धान के बिचड़े तैयार हैं पर अपेक्षा के अनुरूप वर्षा कम होने से किसान परेशान हैं। वहीं, बंधु तिर्की इस दिन बेड़ो प्रखंड के करगे, पतराटोली, बेड़ो बैरटोली व जामटोली आदि गांवों में खेतों का



भ्रमण कर खेती की हाल जाना। उन्होंने किसानों को सांत्वना भी दिया। कहा कि खेती-किसानी ही हमारा आधार है। भले ही झारखंड की खनिज या वन संसाधन इसकी प्रचुरता के लिये जाना जाता हो। लेकिन खेती की उपेक्षा का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। इसीलिए सबसे जरूरत यही है कि हम कभी भी खेती-किसानी की उपेक्षा ना करें।

## वाइबीएन विश्वविद्यालय में एक दिवसीय लाइव राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय अंतर्गत आईक्यूएसी के सहयोग से शुक्रवार को एक दिवसीय लाइव राष्ट्रीय सेमिनार 2023 का आयोजन किया गया। एक दिवसीय लाइव राष्ट्रीय सेमिनार का टॉपिक ₹शोध पत्र के योग्य लेखन प्रकाशन₹ था। जिसमें तकरीबन 200 शोधार्थियों ने ऑनलाइन भाग लिया। सेमिनार में मुख्य अतिथि डॉ सुभाष चंद्र रॉय पूर्व प्रमुख और डीन एनईआरआईई, एनसीईआरटी, शिलांग, मेघालय एवं डॉ सचिन कुमार पूर्व प्रमुख, शिक्षा विभाग, रांची वीमेंस कॉलेज रांची थे। सेमिनार का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर




किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रिस्ति डोरा और सपना केसरी एवं धन्यवाद ज्ञापन स्कूल ऑफ फामेर्सी की संगीता कुमारी ने किया। अपने संबोधन में डॉ आशीष सरकार निदेशक आईक्यूएसी ने कहा कि विचारगोष्ठी (संगोष्ठी) अनुदेशन की ऐसी प्रविधि है। जिससे चिन्तन स्तर के अधिगम के लिये अन्तः प्रक्रिया की परिस्थिति उत्पन्न की जाती है। इस प्रविधि को विभिन्न स्तरों पर अनुदेशन परिस्थितियों के लिये प्रयुक्त किया जाता है। सेमिनार कार्यशाला इन्ट्रेक्टिव होती है। विशेषज्ञ प्रतिभागियों से कुछ न कुछ एक्टिविटी करवाते है। दोनों एक दूसरे के विचारों से अवगत कराते है। जो हमारे शोधार्थियों के लिये काफी लाभदायक होगा। सेमिनार के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति वैद्यनाथ यादव, चेयरमैन डॉ रामजी यादव, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्रीरमन दुबे, एचआर निदेशक अरविन्द कुमार, सुधीर यादव के साथ सभी संकाय के डीन, एचओडी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सोमा उरांव ने की थानों में चौकीदार बहाली की मांग

कांके (आजाद सिपाही)। रांची जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर थानों में रिक्त पड़े चौकीदार की बहाली की मांग की है। कहा कि कई थानों में वर्तमान समय में बिना मानदेय की चौकीदार विगत कई वर्षों से सेवा देते आ रहे हैं। वैसे चौकीदारों को चिन्हित कर शीघ्र ही स्थायीकरण किया जाए। सही से मानदेय नहीं मिलने के कारण खाने-पीने तक की दिक्कत है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ ही कई प्रकार की समस्या उत्पन्न हो गई है। वो लेग मरणासन्न की स्थिति में पहुंच चुके हैं। विदित हो कि थानों में चौकीदारों की बहाली के लिए कोर्ट ने भी आदेश दे दिए हैं। इसी आशा से चौकीदार अपने क्षेत्रों के थानों में सेवा दे रहे हैं।

## टाटी पंचायत के आशवाबेड़ा गांव में जंगली हाथी के हमले में महिला घायल



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। टाटी पंचायत के आशवाबेड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह छह बजे जंगली हाथी ने बैसाखी देवी (45) नामक महिला हमला कर दिया। उसे सुड़ से उठाकर पटक दिया। जिसे उसकी कमर, पैर व हाथ में गंभीर चोटे आई है। ग्रामीणों के अनुसार बैसाखी देवी सुबह खुखड़ी (जंगली मसरूम) खोजने गयी थी। तभी जंगली हाथी ने दबोच लिया। उधर, घटना की सूचना पाकर टाटी मुखिया रामानंद बेदिया मौके पर पहुंच गए। तुरंत इसकी जानकारी वन विभाग को दी। उधर, खबर पाते ही वन विभाग के वनरक्षी कृष्णा महतो ने उन्हें घायल महिला को अस्पताल ले जाने की सलाह दी। जिसके बाद परिजन महिला को एम्बुलेंस से अनगड़ा स्वास्थ्य उपकेंद्र ले गए। वहां वन विभाग के वनरक्षी कृष्णा महतो ने इलाज के लिए तत्काल पांच हजार रुपए दिया। साथ ही वेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स अस्पातल रेफर कराया गया। वहीं नवागढ़ पंचायत के ओबर गांव में हांथी के एक बच्चे ने निर्मल बेदिया नामक व्यक्ति के घर का दरवाजा तोड़ दिया और अंदर घुस कर बोरियों में रखे धान को खा गया। यह देख ग्रामीण दहशत में आ गये। सूचना है कि हाथी गांव के समिप जंगल में ही डेरा जमाये हुए है। इसकी सूचना वन विभाग को भी दे दी गयी है।

## श्राद्धकर्म में किया आर्थिक सहयोग



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। नवागढ़ पंचायत के ओबर हड़राबेड़ा निवासी लाह खेती करने वाले किसान जगरण बेदिया का विगत दिनों लाह काटने के दौरान पेड़ से गिर कर निधन हो गया था। उसके श्राद्धकर्म में शुक्रवार को नवागढ़ पंचायत मुखिया भुवनेशवर बेदिया एवं पंसस फाल्गुनी शाही ने संयुक्त रूप से खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। इस मौके पर संजय बेदिया, वार्ड सदस्य एतवा बेदिया, करमदेव बेदिया, सनिचारवा बेदिया, डोमा बेदिया, आदि मौजूद थे।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व जनसंख्या माह व प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय रांची की ओर से ओरमंझी एसएस हाई स्कूल और एसएस प्लस टू हाई स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शनिवार को को विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि की ओर से पुरस्कृत पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राम टहल चौधरी उपस्थित रहेंगें। दूसरी ओर, शुक्रवार केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार और रांची प्रादेशिक कार्यालय की ओर से



द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान लेख प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, फुटबॉल मैच आदि का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिन्हें शनिवार को पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, जिला परिषद रीता देवी, स्कूल सचिव, प्रधानाध्यापक आदि द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम संचालक शफीक आलम, दोनों स्कूल के प्रधानाध्यापक व अन्य मौजूद थे।

## मांडर के संत जेवियर उच्च विद्यालय में प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

मांडर (आजाद सिपाही)। संत जेवियर उच्च विद्यालय में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर -17 बालक व बालिका) का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच महुवाजारी बनाम एसएस जनता मुडमा के बीच खेला गया, जिसमें मुडमा ने महुवा जाड़ी को 2-1 से हरा दिया। जबकि दूसरा मैच सोसई प्लस-2 हाई स्कूल बनाम संत जैवियर हाई स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे संत जैवियर उच्च विद्यालय मांडर 1-0 से विजयी हुआ। तीसरा मैच उचरी बनाम मुडमा के बीच खेला गया, जिसमें टाइ ब्रेकर में मुडमा 2-1 से विजयी रहा। वहीं, बालिका वर्ग अंडर-17 का मैच प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय टांगबंसली के बीच खेला गया, जिसमें टाइ ब्रेकर में टांगबंसली 2-1 से विजयी रहा। मैच का उद्घाटन संत जैविर्स उच्च विद्यालय के प्राचार्य फादर जॉन शैलेंद्र टोप्पो ने किया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरसिला केरकेट्टा, बीपीओ गुलाम सरवर, शिखा किस्पोटा, कमलेश कुमार गुप्ता, सेवक कुमार साधु, सुदर्शन कुमार, समीर तिग्गा, लूसी कुजूर, लिली पौलीना खलखो, इम्तेयाज हुसैन, सुनील राम और बिनोज उराव आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का हुआ शुभारंभ



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय मैदान में शुक्रवार को खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्रमुख दीपा उरांव ने किया। मौके पर प्रमुख ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन मैच को शुरू कराया। इस टूर्नामेंट में अंडर 17 बालिका वर्ग में कूल 7 टीमें भाग ले रही हैं। जबकि बालक वर्ग में कूल 6 टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग में उत्क्रमित उवि गेतलसूद एवं उत्क्रमित उवि बानपूर की टीम फाईनल में प्रवेश किए, जबकि बालक वर्ग में प्रोजक्ट उवि जोन्हा और उत्क्रमित उवि गेतलसूद की टीमें फाइनल में अपनी जगह बनाई। दूसरे मैच का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, बीइओ श्रीमती भरोसी मुंडू, बीपीओ पंकज तिर्की एवं कमला एक्का नें संयुक्त रूप से किया। अंडर 17 एवं अंडर 14 के तीनों फाइनल मैच शनिवार को खेला जाएगा। मौके पर संयोजक प्रदीप कुमार महतो, शारिरिक शिक्षक विवेक कुमार, रतनी तिर्की, वसिया नाग, दिलीप महतो, बीआरपी उमेश शर्मा, नौशाद अहमद, दीपक कच्छप आदि थे।

**आरएलएसवाइ स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

## महिलाएं-लड़कियां खुद भी जागरूक बनें और आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें : डालसा


आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट ऑफ लिगल स्टडीज एवं डालसा के सयुंक्त तत्वावधान में कोकर स्थित रामलखन सिंह यादव स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को शिक्षा अधिकार अधिनियम, बाल श्रम, बाल शोषण, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, बाल यौन शोषण आदि निरोधात्मक अधिनियम और सीनियर सिटीजन के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को निःशुल्क विधिक सहायता को लेकर



जागरूक करते हुए कहा गया कि वे अपने परिवार के साथ साथ घर के आसपास के लोगों को भी इस अधिनियम और विधिक सहायता के बारे में जागरूकता करें। बताया गया कि संविधान के 86वें संशोधन अधिनियम 2002 के द्वारा संविधान के अनुच्छेद 21(ए) को जोड़कर शिक्षा को मौलिक अधिकार बना दिया गया। इस अधिकार को व्यवहारिक रूप प्रदान करने के लिए संसद में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 पारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान घरेलू हिंसा, डायन-बिसाही, अंधविश्वास, बाल विवाह, बाल मजदूर, सीनियर सिटिजन के अधिकारों का हनन आदि के विरूद्ध बने अधिनियमों के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किए जाने के विभिन्न पहलुवों और प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में पीएलवी बेबी सिन्हा, विश्वजीत कु तिवारी, कुमार आकाश, अशी अखौरी, आकृति कुमारी, कुमार मंगलम, संभवी सटोरिया आदि शामिल थे।

### लापुंग थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



लापुंग (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में बीडीओ एमानुएल जय विरस लकड़ा की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। जिसमें मुहर्रम शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सीओ अविनाश पूर्णेंदु, प्रमुख कंचन उरांव, तजना प्रभारी सकुमार हेमरम, इंस्पेक्टर अरूण कुमार, गंगाधर साहू, देवेंद्र वर्मा, सुदामा महली, जयंत बरला, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा और नशिम आलम आदि थे।

### सिकिदिरी पुलिस का शराब के खिलाफ छापामारी अभियान



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि के नेतृत्व में शुक्रवार को कुटे पंचायत के मुटा गांव में शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें 300 किलो महुवा का जावा नष्ट किया। लगे हाथ 30 लीटर महुवा से बने शराब को भी नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि लगातार क्षेत्र के सभी गांवों में शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जायेगा।

पर्यावरणविद ने बंगाल के कई जिले समेत गंगासागर में आये तीर्थयात्रियों को पौधा देकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# पेड़-पौधे लगाने से संवरेगा आने वाले पीढ़ियों का भविष्य: कौशल किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पश्चिम बंगाल के जादवपुर यूनिवर्सिटी और गंगासागर के स्वर्ग आश्रम प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने बीपीएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार, प्रधान सचिव सह डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल व छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के अलावा बंगाल के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष



यादवपुर विवि में पौधा वितरण के दौरान कौशल किशोर व अन्य गणमान्य।

पारसनाथ गुप्ता व सचिव मानिकचंद के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ चंदन का पौधा लगाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। कार्यक्रम में देश के कई राज्यों से आए तीर्थ यात्रियों को चंदन और कपूर का पौधा वितरण करते हुए पर्यावरणविद ने कहा कि यह पौराणिक मान्यता है कि गंगासागर में नहाने से लोगों के पूर्वज तक शुद्ध हो जाते हैं। जबकि उनके द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों को पौधा रूपी प्रसाद को धरती पर लगाकर बचाने से सात पीढ़ी तक तर जाते हैं। कौशल किशोर ने अतिथियों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के बाद विश्वविद्लाय के निदेशक आशीष मजूमदार ने पर्यावरण धर्मगुरु कौशल, सचिव अरविंद एवं प्रधान सचिव पूनम व जिला पार्षद अमित को सम्मानित किया। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने बताया कि सिंगापुर और मलेशिया के बाद बंगाल में नए सिरे से संस्था का विस्तार किया जा रहा हैं। इससे पहले देश के 22 राज्यों में संस्था गठित कर वहां अध्यक्ष एवं सचिव की नियुक्ति किया जा चुका है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद संदीप दास, संजय बाला विश्वास, सुबासी डे, चंदन डे, दुलाल डे, उषा जायसवाल, उर्मिला देवी, आशा देवी, शिल्पा जायसवाल, सिद्धि कुमारी, सुरेंद्र महाराज, विनोद पासवान आदि शामिल थीं।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या, कुछ का तत्काल किया समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने डीसी को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे ग्राम पंचायत नवगढ़ के मुखिया बिजय शंकर पांडेय ने डीसी से शिकायत किया कि तरहसी पंचायत नवगढ़ में चार जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों की ओर से ग्रामीणों के बीच जुलाई महीने का राशन वितरण नहीं किया गया है। इसी तरह ग्राम पांडू के बिफन मिस्त्री ने सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध किया। वहीं, बिंदुवा डेवडर के मोशमीम अंसारी ने गांव के जगदीसपुर टोला में डिपबोर जलमीनार निर्माण करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह तरहसी थाना क्षेत्र के धर्मदेव सिंह ने अपने जमीन की सीमांकन करवाने का अनुरोध किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# दबे कुचले लोगों की आवाज थे कॉमरेड आलोक: अलखनाथ

कॉमरेड आलोक की मनायी गयी पांचवीं पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** कम्युनिस्ट नेता रामसुंदर राम उर्फ कामरेड आलोक की पांचवी पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी। समारोह का आयोजन जोगा गांव में स्थापित कामरेड आलोक के स्थापित प्रतिमा स्थल पर हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत कामरेड आलोक के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कामरेड आलोक को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि कामरेड आलोक का पूरा जीवन दबे-कुचले व शोषित-पीड़ितों की लड़ाई लड़ते गुजरा। उन्होंने समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगो की आवाज को हमेशा बुलंद किया। अपना पूरा जीवन उन्होंने सामाजिक न्याय की लड़ाई को समर्पित कर दिया था। आंदोलनों से भरा उनका जीवन लोगो के लिये प्रेरणादायी है। श्री पांडेय कहा कि कामरेड आलोक जी के क्रांतिकारी विचार आज भी प्रासंगिक है। अनुसूचित जाती आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम व वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने कामरेड आलोक के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण राम ने किया। मौके पर मुखिया कमला देवी,मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी,पंकज कुमार,मनोहर पासवान,संजय कुमार,सोनू कुमार,अजय कुमार, योगेंद्र कुमार,दिनेश कुमार,प्रवेश कुमार,ओमप्रकाश गुप्ता,सुरेंद्र राम,विजय चौबे,रामदेव राम,अवधेश राम,प्रेम पाल,बिनोद पाल,लखन राम,उर्मिला देवी,धनवा कुंवर सहित कई लोग मौजूद थे।

# 145 फिट की ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत

तेलंगाना में चिमनी के उपर चढ़ कर रहा था काम, गांव में मातम

आजाद सिपाही संवाददाता



**उटारी रोड़/पलामू।** पांडू प्रखंड के तिसीबार पंचायत अंतर्गत दरुवा निवासी सचिन कुमार (24) की तेलगाना प्लांट में काम करने के दौरान 145 फिट उपर से गिरकर मौत हो गई। घटना 17 जुलाई की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार मृतक तेलंगाना कुबेर इंटरप्राइजेज में मजदूरी का काम करता था। घर से कुछ ही दिन पहले मजदूरी करने तेलंगाना गया था। कुबेर इंटरप्राइजेज में काम करने के दौरान ऊपर से पैर फिसल जाने से नीचे गिर कर घायल हो गया। घायल हालत में सचिन के ममेरे भाइक विकास मेहता ने उसे निजी अस्पताल ले गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विकास भी उसके साथ ही काम करता था, जो खरोसता का रहने वाला है।इधर, मौत की खबर मृतक के परिवार को दी गई। मृतक के पिता अक्षेवर मेहता अपने कुछ साथियों के साथ 19 जुलाई को मन गुरु सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां उनके बेटे का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद रखा गया था। इस सूचना से गांव में मातम सा माहौल है। मृतक की तीन बहनें हैं।वह अपनी मां-बाप का इकलौता बेटा था।

# आजसू का 23 को आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मलेन की तैयारी पूरी : दिलीप चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** आजसू का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन 23 जुलाई को मेदनीनगर टाउन हॉल में आयोजित होने जा रहा है, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इसकी जानकारी आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने दी। वे शुक्रवार को हरिहरगंज स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के नेतृत्व में प्रमंडलीय सम्मेलन में 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया जायेगा। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए दिशा निर्देश दी जायेगी। कार्यक्रम में आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत्त, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता और हसन अंसारी भी शामिल होंगे। इस मौके पर जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड सचिव इरसाद आलम और लक्ष्मण चौधरी आदि मौजूद थे।

# फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने जपला धरहरा गांव में कांड संख्या 320/21 के नामजद फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया है। अनुसंधानकर्ता एएसआई बादल मुर्मू ने बताया कि जपला धरहरा गांव निवासी सिकंदर कुमार विगत दो साल से फरार चल रहा है। उसके खिलाफ हुसैनाबाद थाने में भादवि की धारा 341, 323, 353, 504 और 506/34 के तहत मामला दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया है।

# पगड़ी पोसी सह सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**सतबरवा/पलामू।** सतबरवा मस्जिद मोहल्ला में गुरुवार की रात अल हुसैन कमेटी की ओर से मुहर्रम के अवसर पर पगड़ी पोसी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए मुहर्रम कमेटी के पलामू जनरल खलीफा शहरयार अली, थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, समाजसेवी अजय उरावं, युवा समाजसेवी अतुल कुमार को पगड़ी बांधकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गणमान्य लोगों ने कहा कि मुहर्रम हो या ईद होली हो या दीपावली हमेशा से मिलजुल कर मनाते आए हैं।इस बार भी आपसी भाइचार के साथ मुहर्रम पर्व मनायेंगें। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता जुम्मन मियां, शाहनवाज खान, जाहिद हुसैन, शमशाद अंसारी, तहसीन राजा आदि उपस्थित थे।

# ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर कर्नल संजय के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** डीडीयू के बीडी रेलखंड के काजरात नावाडीह स्टेशन के समीप अंडरपास पुल चालू करने व ओवरब्रिज को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व किसान ब्रिगेड के संयोजक कर्नल डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में विजय सिंह, लखन यादव, पंसस विगन प्रजापति, रामराज मेहता, विनय यादव, श्रीराम यादव, जयराम यादव, जयराम यादव, प्रदीप कुमार सिंह, अर्जुन मेहता, सुग्रीम ठाकुर, भोला गुप्ता आदि ने स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डीडीयू रेल मंडल प्रबंधक को ज्ञापन देकर अंडरपास पुल को आवागमन लायक बनाने व स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन के पास मैनुअली संचालित गेट के बदले अंडरपास बनाया गया है। जिसमें पानी भर जाने से उक्त क्षेत्र के लगभग 20 गांव के स्थानीय लोग रेलवे ट्रैक को खुले में ही असुरक्षित तरीके से पार करने को बाध्य हैं। रेलवे स्टेशन पर बिना वैकल्पिक व्यवस्था के ही निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी माह खुले रेलवे लाइन क्रॉस करते समय सुनीता देवी नामक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी है। रेलवे ने अभी तक मृतक को कोई मुआवजा भी नहीं दिया है। उक्त समस्याओं का आगामी 15 अगस्त तक समाधान नहीं होने पर स्थानीय ग्रामीण किसान ब्रिगेड के बैनर तले रेलवे के विरुद्ध धरना प्रदर्शन व रेल रोको आंदोलन करने को बाध्य होंगें।

## स्पोर्ट्स



भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में जारी है। विराट कोहली ने कैरियर का 29वां टेस्ट शतक लगाया है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ 121 पर रनआउट, करियर की 29वीं सेंचुरी, ब्रैडमैन की बराबरी

# विराट कोहली ने 55 महीने बाद विदेश में जमाया टेस्ट शतक

एजेंसी




**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में जारी है। इस समय दूसरे दिन का पहला सेशन चल रहा है। टीम इंडिया ने 5 विकेट पर 342 रन बना लिए। रवींद्र जडेजा 53 और ईशान किशन 0 रन पर नाबाद हैं। विराट कोहली 121 पर रनआउट हो गए। उन्हें अल्जारी जोसेफ ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। कोहली ने करियर का 29वां टेस्ट शतक पूरा कर लिया है। यह कोहली की 76वां अंतरराष्ट्रीय शतक है।

### सिर्फ 3 भारतीय बल्लेबाजों के विराट से ज्यादा टेस्ट शतक

विराट कोहली ने टेस्ट शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन की बराबरी कर ली है। ब्रैडमैन ने भी 29 शतक ही जमाए थे। दुनिया में कुल 15 बल्लेबाजों ने ही इससे ज्यादा शतक जमाए हैं। सचिन तेंदुलकर 51 टेस्ट शतक के साथ पहले स्थान पर हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सचिन के अलावा राहुल द्रविड़ (36 शतक) और सुनील गावस्कर (34 शतक) ने ही विराट से ज्यादा शतक जमाए हैं। विराट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक 76 शतक जमा चुके हैं। उन्होंने 29 टेस्ट शतकों के अलावा वनडे में 46 और टी-20 इंटरनेशनल में एक शतक जमाया है। इंटरनेशनल क्रिकेट में विराट से ज्यादा शतक सिर्फ सचिन तेंदुलकर (100 शतक) ने ही जमाया है।

### 55 महीने बाद विदेश में जमाया टेस्ट शतक

विराट ने 55 महीने के बाद विदेश में कोई टेस्ट शतक जमाया है। विदेशी जमीन पर इससे पहले उनका आखिरी टेस्ट शतक दिसंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में आया था।

### यशस्वी-रोहित ने फिफ्टी लगाई

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया को यशस्वी जा'यसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 20वें ओवर में ही सेंचुरी पार्टनरशिप कर दी। यशस्वी 57 और और रोहित 80 रन बनाकर आउट हुए। नंबर-3 पर उतरे विराट कोहली ने पारी संभाली। लेकिन दूसरे एंड पर शुभमन गिल 10 और अजिंक्य रहाणे 8 ही रन बनाकर आउट हो गए। वेस्टइंडीज से केमार रोच, अल्जारी जोसेफ, शैनन गेब्रियल और जोमेल वारिकन को 1-1 विकेट मिला।

### कोहली-जडेजा के बीच शतकीय साझेदारी

नंबर-6 पर बैटिंग करने उतरे रवींद्र जडेजा ने टीम इंडिया की पारी संभाली। उन्होंने कोहली के साथ मिलकर 106 रन की पार्टनरशिप की और तीसरे सेशन में टीम का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। कोहली 87 और जडेजा 36 रन के स्कोर पर नॉट आउट रहे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**उंटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी रोड थाना परिसर में सीओ सह बीडीओ ललित राम की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, एसआई रमेश चंद्र महतो, एएसआई राजकुमार शर्मा, मुन्ना जमुदा, पूर्व प्रमुख राम सेवक राम मौजूद थे। बीडीओ ने कहा कि इस वर्ष भी मिल जुल कर मुहर्रम पर्व मनाएं। जुलूस पारंपरिक हथियारों के साथ ही निकालें। प्रतिबंधित हथियार और असमाजिक तत्वों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। इस मौके पर सदर खताबुद्दीन अंसारी सेक्रेटरी, मोस्तकीम अंसारी, अलीहुसैन अंसारी, हसनैन अंसारी, सहमुद अंसारी, ऐनूल अंसारी, नसीम अंसारी, दुर्गेश कुमार, अरुण कुमार, अगस्त तिवारी, जोगेंदर सिंह, दिनेश विश्वकर्मा और मुबारक अंसारी आदि उपस्थित थे।

# चान्हो प्रखंड में जूनियर सुब्रतो कप फुटबॉल का आगाज




**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र चान्हो के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय सुब्रतो कप जूनियर अंडर-17 बालक एवं बालिका एवं अंडर-14 बालकों का प्रथम दिन का मुकाबला शुक्रवार को सोंस स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोच में संपन्न हुआ। मैच का प्रारंभ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चान्हो और प्रोजेक्ट हाई स्कूल ओपा के बीच प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद इम्तियाज, निर्मल बड़ाईक ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। इस अवसर पर 12 स्कूल के खिलाड़ी मौजूद थे। फुटबॉल प्रतियोगिता को संपन्न कराने में प्रखंड के खेल शिक्षक दिपक मेहता, देव चरण कच्छप, दयानद लकड़ा, राजेंद्र उरांव और अवंतिका किरपोटा की भूमिका सराहनीय रही।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 22 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# कॉमरेड एके राय का त्याग और शोषितों के लिए लड़ी गयी लड़ाई प्रेरणास्रोत : बबलू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** मार्क्सवादी समन्वय समिति के संस्थापक स्व. एके राय के अनुयायियों ने शुक्रवार को उनकी पुण्यतिथि को संघर्ष दिवस के रूप में मनाया। सिंदरी स्थित पीडीआईएल गेट के समीप बने गोलंबर में उनके चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो ने कहा कि कॉमरेड एके राय का त्याग और शोषितों, मजदूरों व गरीबों के लिए लड़ी गई लड़ाई सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। वो इमानदारी, सादगी और संघर्ष के प्रतिमूर्ति थे।

इस मौके पर अंबुज मंडल ने कहा कि शोषितों, मजदूरो और किसानो को आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए स्व ए के राय ने अपने आप को संघर्ष के हवाले कर लोगो को मुक्ति का मार्ग दिखाया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सुरेश प्रसाद, महालाल हांसदा, नयन दत्ता, विरिन्चि महतो, सहदेव सिंह, पुरन सिंह, अमर सिंह, मोतीलाल विश्वकर्मा, नुनूलाल टुडू, दशरथ ठाकुर, सुवल महतो आदि शामिल थे।

## मासस ने स्व एके राय की चौथी पुण्यतिथि मनायी



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को मासस द्वारा निरसा स्थित गुरुदास भवन में धनबाद के पूर्व सांसद सह मजदूर नेता स्व ए के रॉय की चौथी पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्वप्रथम सभी ने स्व रॉय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मासस के वरिष्ठ नेता आगम राम ने कहा कि स्व. एके राय ने मासस की स्थापना मार्क्सवाद की पाठशाला के रूप में किया था, उनका कहना था कि व्यवस्था परिवर्तन के बिना सत्ता परिवर्तन से कुछ नहीं होगा। झारखंड गठन के पूर्व उन्होंने कहा था कि झारखंड बनने के बाद सत्ता अगर उत्पादक मेहनतकश वर्ग के हाथ में नहीं आता है तो झारखंड झगड़ा खंड में बदल जायेगा, जो वर्तमान में देखने को मिल रहा है। उन्होंने राजनीतिक मे नैतिकता और सिद्धांत के मापदंड को स्थापित किया। आज उनकी पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए ताकि हम पूंजीवादी और संप्रदायिक शक्तियों का डटकर मुकाबला कर सके। मौके पर मुख्य रूप से दुदून मुखर्जी, मुमताज अंसारी, प्रभु सिंह, लखन सिंह, कृष्णा रजक, भक्ति पोदो मोदी, मनोज सिंह, कीनू महतो, दीपक यादव इत्यादि मौजूद थे।

## आंदोलन में मदद मांगने रागिनी सिंह के पास पहुंचे गोपालीचक के ग्रामीण



धनबाद (आजाद सिपाही)। पुटकी बलिहारी क्षेत्र अंतर्गत गोपालीचक कोलियरी के ग्रामीण शुक्रवार को कोक प्लांट ग्रामीण संघर्ष समिति के नेतृत्व में भाजपा नेत्री सह जनता श्रमिक संघ की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह से उनके आवासीय कार्यालय में मिले। ग्रामीणों द्वारा रागिनी सिंह से बीसीसीएल के गोपालिचक कोलियरी में सिंह नेचुरल्स आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा नियम विरुद्ध कोयला उत्खनन का कार्य करने की शिकायत करते हुए कहा कि वहा के रहने वाले लोगों को प्रदूषण और पानी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सिंह नेचुरल्स प्रबंधन नियमों को ताक पर रख कर उत्खनन कर रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। साथ ही वहा पानी के लिए एकमात्र पोखरिया, जिसका पानी ग्रामीण अपने घरों में उपयोग करते हैं, वो भी अब प्रदूषित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में हमने गोपालिचक पीबी एरिया के परियोजना पदाधिकारी को पत्राचार कर उन्हें राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्थानीय ग्रामीणों को 75 रोजगार देने के साथ प्रदूषण और पानी संबंधी 5 सूत्री मांग रखी है। यदि एक सप्ताह में हमारी मांगों पर प्रबंधन सहमत नही होता, तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे, जिसमें हम सभी आपकी सहायता चाहते है। इस पर रागिनी सिंह ने उन्हें हरसंभव सहायता करने का भरोसा दिया। इस दौरान मौके पर मोतीलाल रजवार, अनुराग रजवार, अभिषेक पासवान, राहुल भुइयां, विनय कुमार, राजू कुमार, मुकेश रजवार, राकेश कुमार, विकाश गुप्ता और अमित मंडल आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कुकी महिलाओं के साथ बर्बरता भाजपा शासन की असलियत को उजागर करता है : भाकपा माले



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। मणिपुर में नफरती भीड़ द्वारा कुकी आदिवासी महिलाओं पर यौन हमले के खिलाफ निरसा चौक पर भाकपा माले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इन अमानवीय अपराधों और मणिपुर शासन की पूर्ण विफलता के लिए मणिपुर के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय गृह मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेनी चाहिए। मणिपुर की कुकी महिलाओं की बर्बर नग्न परेड व यौन हिंसा का वीडियो भाजपा के शासन की असलियत को उजागर कर संघ ब्रिगेड की भीड़ हिंसा की संस्कृति की खौफनाक सच्चाई को सामने ला रहा है। मौके पर माले के वरिष्ठ नेता उपेंद्र सिंह, नागेंद्र कुमार, कृष्णा सिंह,मनोरंजन मलिक, हरेंद्र सिंह, जगदीश शर्मा, गणेश महतो, सुनील गिरि, बीपीन मंडल, काशी कोयरी, सतेंद्र चौहान, संजीत राऊत, जितेंद्र शर्मा, सुरेंद्र सिंह, राजनारायण महतो, बजरंगी पासवान, रूपेश यादव, नीलकंठ लोहार, श्यामलाल भारती आदि लोग शामिल थे।

### दुर्गा सोरेन सेना ने किया मिलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन



कतरास (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को गुही बांध में दुर्गा सोरेन सेना द्वारा मिलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता संतोष सेठ व संचालन मोहम्मद शमशेर आलम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दुर्गा सोरेन सेना के युवा केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि ने नये सदस्यों को माला पहना कर स्वागत कर पार्टी की सदस्यता दिलायी। अपने संबोधन में कहा कि दुर्गा सोरेन सेना राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक सामाजिक संगठन है, जो सेवा भाव से कार्य करती है। पिछली सरकार में जो आपका उर्दू विद्यालय षड्यंत्र के तहत बंद करवाया गया है उसे सरकार से बात कर अतिशीघ्र चालू करवाने का कार्य करूंगा। मौके पर निधि कुमारी, बोकारो जिला अध्यक्ष मिथलेश पांडेय, जिला सचिव सपन कुमार, धनबाद जिला अध्यक्ष राधे श्याम चौबे, नगर अध्यक्ष प्रेम कुमार, जिला महामंत्री संतोष सेठ, मोहम्मद हसनैन, असरफ हुसैन आदि मौजूद थे।

### लोयाबाद थाना में शांति समिति की बैठक



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। मुहर्रम पर्व को लेकर शुक्रवार को लोयाबाद थाने मे शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी राजन कुमार राम एवं संचालन चेंबर के सचिव सुनील पांडेय ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से त्योहार को भाईचारे व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। सभी अखाड़ा दलों को उनके तय मार्ग पर ही चलने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने सभी के सहयोग से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होने कहा कि शांति भंग करने वालो से पुलिस सख्ती से निपटेगी। मुस्लिम कमिटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद व महामंत्री असलम मंसूरी ने कहा कि लोयाबाद क्षेत्र मे गंगा जमुना तहजीब से हर पर्व मनाया जाता है। बैठक मे मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद,महामंत्री असलम मंसुरी, चेंबर अध्यक्ष राजकुमार महतो, जयप्रकाश पांडेय, पूजा कमेटी के सचिव बिजेन्द्र पासवान,सिपाही चौहान,दिनेश रवानी, एस एस प्रसाद, राजेंद्र पासवान, नइम मिस्त्री, गुलाम जिलानी, अवधेश सिंह, शंकर केसरी, गुलाम मुस्तफा, सुरेश यादव, मो आजाद, मो जहांगीर आदि मौजूद थे।

### बलियापुर थाना में शांति समिति की बैठक



बलियापुर (आजाद सिपाही)। मोहर्रम को लेकर शुक्रवार को बलियापुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी एसके यादव ने की। सीओ रामप्रवेश कुमार ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम मनाने की अपील की। बैठक में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र किस्कू, सांसद प्रतिनिधि घनश्याम ग्रोवर, एसआई प्रमोद सिंह, भाजपा नेता दिनेश सिंह, अनवर अली खान, कुलदीप अग्रवाल, अल्पना मुखर्जी, विनय मुखर्जी, मुस्ताक आलम, अब्दुल कादिर, सुलेमान अंसारी, मुखिया गणेश महतो, मुखिया विजय गोराई, मुखिया संजय गोराई, शकील अंसारी, मुखिया बीडी महतो, नलिन महतो आदि मौजूद थे।

## दो दर्जन अपराधियों ने बंद भूमिगत खदान पर बोला धावा

# कर्मियों को बंधक बना कर 500 फीट केबल काट ले गये, जल संकट गहराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** गुरुवार की देर रात रामकनाली कोलियरी के बंद तीन नंबर भूमिगत खदान में दर्जनों नकाबपोश सशस्त्र अपराधियों ने धावा बोलकर कार्यरत कर्मियों को बंधक बना करीब पांच सौ फिट केबल तथा पांच केपलैंप ले भागे। हालांकि एक लैंप खदान के ऊपर फेंक कर चले गए। केबल काटे जाने से क्षेत्र में भीषण जल संकट गहरा गया है। सूचना पाकर एसीएम हीरालाल माजी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि अपराधी सेकेंड आउटलेट से होकर घुसे और पंप के समीप सात कर्मियों को बंधक बना लिया। और केपलैंप लेने के बाद केबल काटना शुरू कर दिया। करीब एक-डेढ़ घंटे के बाद प्रवेश द्वार से केबल लेकर चलते बने। इससे पूर्व ऊपर तैनात तीन गार्ड नंदलाल राम, लटन दास, सुबोध बाउरी को बम और फरसा दिखाकर मुख्य द्वार में लगे ताला का चाभी छीन लिया था। अपराधियों के जाने के बाद एक छोटा टार्च के सहारे सभी बाहर आए और घटना की जानकारी पीओ, कोलियरी प्रबंधक व सहायक प्रबंधक को दिया। बंधक बने कर्मियों ने बताया कि अपराधी लगभग 30 की संख्या में थे और सभी ने अपने चेहरों को कपड़े से ढके हुए थे।

# बोकारो स्टील सिटी के रैयत 15 को अपनी जमीन पर हल चलायेंगे

**अब झारखंड के माय माटी के साथ और विस्थापन बर्दाश्त नहीं : पुष्कर महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा एवं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में बोकारो स्टील सिटी के जमीन रैयतों ने अपनी जमीन वापसी आंदोलन को शुक्रवार को स्थगित किया एवं 15 अगस्त 23 को सभी रैयत अपने अपने जमीन पर हल बैल लेकर जोतेंगे और तिरंगा झंडा लहरायेंगे।

मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि रैयतों की आवाज को बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन दबा नहीं सकता हैं। आज प्रबंधन रैयतों के जमीन का सदुपयोग नहीं बल्कि धंधा करने का काम कर रहा है भू-माफिया गिरी कर रहा है। रैयत अपने जमीन की बिक्री अब नहीं करने देंगे। रैयत कोर्ट का अवमानना नहीं होने देंगे, बल्कि प्रबंधन के ऊपर कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने के लिए केस किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष विदेशी महतो ने कहा कि झारखंडआंदोलनकारियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ललित नारायण ने कहा कि विस्थापित अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। राजी पड़हा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष रंजीत उरांव ने कहा कि झारखंड में कानून का राज होना चाहिए और कानून का पालन होना चाहिए। इस कार्यक्रम में श्याम सुंदर यादव, लालू कुशवाहा, खगेंद्र बर्मा, संतोष सिंह, माझो महतो, संजीव उरांव, खिरोध महतो, सहदेव महतो, कृष्णा महतो, धनंजय महतो, शिबू दिगा, ठाकुर राम महतो, खिरोध मुर्मू उपस्थित थे।

# कुड़माली भाषा के साथ हो रहा अन्याय केंद्रीय गृह मंत्री लें संज्ञान : चंदप्रकाश

**कुड़माली को आठवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर अमित शाह से मिले गिरिडीह सांसद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडिही।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग उनसे नयी दिल्ली में मिल कर की है। गिरिडीह सांसद ने उनको इस बात से अवगत कराया कि कुड़माली भाषा झारखंड, बिहार, बंगाल और ओड़िशा राज्य के कुड़मी द्वारा बोला जाता है। आगामी जनगणना में कुड़माली के स्थान पर पूर्ववत कुड़माली थार को ही रखा गया है, जबकि कुड़माली को अन्य के तहत रखा जा रहा है जो भाषा राज्य के द्वितीय राजभाषा के रूप में दर्ज है। जिस भाषा का पठन-पाठन राज्य के पांच एवं पश्चिम बंगाल के समेत कुल 6 विश्वविद्यालयों में होता है। उन्होंने कहा कि यह बेहद ही पक्षपात पूर्ण अन्याय पूर्ण है। 2 करोड़ से अधिक कुड़माली भाषा - भाषी के लिए बेहद ही निराशाजनक है। यह उन लाखों कुड़माली छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। लंबे समय से कुड़मी समुदाय मांग रही है कि कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाये। उन्होंने मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा।

## कॉमरेड एके राय की पुण्यतिथि मनायी



**बोकारो (आजाद सिपाही)** मासस के संस्थापक कॉमरेड एके राय के पुण्यतिथी के अवसर पर 21 जुलाई को मासस की ओर से बोकारो जिला कार्यालय में चौथी पुण्यतिथि मनाई मई।सबसे पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि दी गयी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड एके राय मार्क्सवाद विचाराधारा को अमल करने वाले मासस के संस्थापक, झारखंड के राजनीतिक संत, मजदूर-किसानों के मसीह थे। मौके पर जिला सचिव गयाराम शर्मा, कामरेड तपन सरकार, कमाल खान, मो जमील, रियाजुद्दीन अंसारी, मो समीम आदि लोग शामिल थे।

## बीजीएच में अमृत फार्मेसी खोलने का निर्णय स्वागत योग्य है : अमित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन कुमार से मिले। बोकारो जेनरल अस्पताल परिसर में मरीजों को सस्ते दर पर दवा उपलब्ध कराने हेतु अमृत फार्मेसी का काउंटर खोलने के प्रबंधन के निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कुमार अमित ने बताया कि अमृत फार्मेसी भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय का उपक्रम है, यहां से अब मरीजों को दवा खरीदने पर 30% की छूट मिलेगी। श्री कुमार अमित ने अधिशासी निदेशक को बोकारो के विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मांग पत्र भी सौंपा एवं इन समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। श्री राजन कुमार ने इन मांगों पर सकारात्मक पहल करने आश्वासन भी दिया। इस दौरान भाजयुमो बोकारो नगर महामंत्री लालबाबू भी मौजूद थे।

# नये प्लांट के बनते ही दूर हो जायेगी झरिया में जलापूर्ति की समस्या : पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया वासियों को पेयजल समस्याओं से जल्द निजात मिलेगी। विपक्ष की गलत हरकत से बार-बार जलापूर्ति बाधित होता है, जिससे आम जन परेशान होते हैं। झमाडा संयंत्र के लिए अलग विद्युत फिडर बनाने का काम जल्द शुरू होगा। चार माह में जामाडोबा वाटर प्लांट की विद्युत समस्या दूर हो जायेगी। उक्त बातें झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह झमाडा के नये एवं पुराने वाटर प्लांट का शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि जनता की जल समस्या, झमाडा कर्मियों का भुगतान, तकनीकी समस्याएं सहित अन्य बातें पर सरकार गंभीरता से लेते हुए कार्य कर रही है। विधायक ने नये प्लांट का बारीकी से जायजा लिया और निर्माण में लगी जेएमसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य से जानकारी ली। विधायक ने कहा कि प्लांट का पूर्व के डीपीआर में कई खामियां थी। काफी मुशक्कत से उसे दूर कारया गया है।

**विपक्ष के इशारे से मेन पाइप को जाम कर बाधित की जाती है जलापूर्ति :** विधायक ने कहा कि विपक्ष की घीनौनी हरकत के कारण झरिया की जनता पानी के लिए परेशन है। विपक्ष के इशारे पर प्लांट के मेन सप्लाई पाइप में प्लास्टिक का बोरे एवं लकड़ी के टुकड़े डाल कर जलापूर्ति बाधित कर दी जाती है, जिसे नाकाम करने को लेकर हम हर समय प्रयासरत है। मौके पर झमाडा एसडीओ मनोज सिंह, दीपक कुमार, आशुतोष राम, नाशीर, जेएमसी प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र कुमार, श्रीकांत, आशीफ, सूरज सिंह, छोटे लाल महतो आदि थे।

**नये प्लांट जल्द होगा चालू :** नया प्लांट शुरू होने के संबंध में विधायक कहा कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग 200 किलोमीटर पाइप लाइन बिछ चुकी है, बाकी का कार्य भी प्रगति पर है। जल्द ही घर घर नल योजना के तहत कनेक्शन कर जलापूर्ति बहाल की जायेगी। हमारा लक्ष्य है की झरिया की जनता को शीघ्र जलापूर्ति की समस्या से निजात दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि नये मोटर पंप की खरीदारी कंपनी द्वारा की जा रही है। पुराने प्लांट में लगे पंप को बदल कर नये मोटर पंप जल्द ही लगाया जायेगा।

**झमाडा कर्मियों का समस्या होगा दूर :** विधायक ने कहा कि झमाडा कर्मी हमारे अंग है। वर्षों से वेतन समस्या का दंश झेल रहे है। उनके भुगतान का काफी हद तक समाधान निकाला जा चुका है। शेष जल्द ही बकाया भुगतान करने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

## विस्थापितों को भूली अस्पताल में बसाये जाने के विरोध में सीएमडी से मिले विधायक राज



धनबाद (आजाद सिपाही)। भूली अस्पताल परिसर में विस्थापितों को बसाने के विरोध में शुक्रवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा व भाजपा का प्रतिनिधिमंडल बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता से मिले तथा भूली अस्पताल में नहीं बसा कर भूली में ही अन्यत्र बसाया जाये। विधायक राज सिन्हा ने कहा की भूली के विकास में जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान करके बीसीसीएल अपनी भूमिका निभाये। चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि भूली अस्पताल में कुछ और चिकित्सकों की पदस्थापना हो। सीएमडी समीरण दत्ता ने उपर्युक्त मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। मौके पर जिला महामंत्री नितिन भट्ट, मीडिया प्रभारी, मिल्टन पार्थ सारथी, मनोज मालाकार, मनजीत सिंह उपस्थित थे।

## 'स्टोरी टेलिंग' में विवेकानंद सदन एवं दयानंद सदन को मिला प्रथम स्थान




बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर छह में 'स्टोरी टेलिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'ग्रुप ए' में शिवाय सिंह विवेकानंद सदन से प्रथम, अंकुश दत्ता दयानंद सदन द्वितीय एवं मैत्रयी झा विवेकानंद सदन को तृतीय स्थान मिला। वहीं 'ग्रुप बी' में शालिनी झा दयानंद सदन से प्रथम, नीतिक प्रसाद हंसराज सदन से द्वितीय एवं वाणी सिंह श्रद्धानंद सदन एवं आयुष कुमार विवेकानंद सदन से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की। निर्णायक मंडल में रूबी यादव और सोनिया शामिल थे। मंच का संचालन ऐश्वर्या एवं सौम्या भारद्वाज द्वारा किया गया।

## न्यूज रील्स

### मणिपुर: महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने वाले चार गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब तक कुल चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। इसबीच विपक्ष द्वारा इस्तीफे की मांग पर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह कहा कि उनका काम राज्य में शांति बहाल की है। दोषी हर समाज में होते हैं, लेकिन उन्हें बख्शा नहीं जायेगा।

### छत्तीसगढ़ में इडी की छापेमारी

छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ में इडी ने एक बार फिर रेड मारी है। तड़के सुबह रायपुर, बिलासपुर, और कोरबा के कई जगहों पर इडी ने छापेमारी की है। इडी ने प्रदेश कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष और राज्य पूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, आइएएस रानू साहू, कोरबा नगर निगम कमिश्नर प्रभाकर पांडे और बिजनेसमैन सुनील रामदास अग्रवाल के घर पर दबिश दी है।

### नीतीश कुमार यूपी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे!

पटना। नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश से से चुनाव लड़ सकते हैं। दो सीटों से उनके चुनाव लड़ने की चर्चा है। जदयू के प्रदेश संयोजक सत्येंद्र पटेल के मुताबिक पार्टी की प्रदेश इकाई ने नीतीश कुमार से यूपी से लोकसभा चुनाव लड़ने की अपील की है। उनके चुनाव लड़ने के लिए अंबेडकर नगर और फूलपुर के साथ कुछ और सीटों का नाम सुझाया गया है।

### स्पाइडरमैन बोल कर स्कूल से कूदा तीसरी कक्षा का छात्र

कानपुर। कानपुर के किदवई नगर एच-2 ब्लॉक स्थित डॉ. वीरेंद्र स्वरूप स्कूल में छात्रों के बीच पहली मंजिल से 16 फीट नीचे कूदने की शर्त लगती है। इतने में वहां खड़ा क्लास-3 का छात्र विराट 'मैं हूं स्पाइडरमैन' कह कर छलांग लगा देता है। नीचे गिरते ही वह तड़पने लगता है। गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सुनता सभी की, करता अपने मन की: यशस्वी

नयी दिल्ली। पहले टेस्ट में 171 रन बनाने के बाद 74 गेंद में 57 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल ने कहा कि रोहित भैया के साथ बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है। जायसवाल ने कहा कि उनकी सफलता का राज यह है कि वह हर किसी के अनुभव से सीखते हैं, लेकिन करते वही है, जो उन्हें रास आता है। राहुल द्रविड़, विराट कोहली और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड से मिली सलाह के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि हर किसी का चीजों को बताने का अपना तरीका है।

### शहीद दिवस रैली में ममता का जोरदार हमला

# हमें नहीं चाहिए कोई पद, 2024 में भाजपा को हराना एकमात्र लक्ष्य



- कहा- पूरा इंडिया एकजुट होकर लड़ेगा, भाजपा को हरायेंगे
- नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया के प्रति ममता ने जतायी एकजुटता

**गांधी जयंती के दिन दिल्ली कूच का किया आह्वान**

ममता ने मनरेगा समेत अन्य केंद्रीय योजनाओं को पैसा रोके जाने के खिलाफ दो अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन दिल्ली कूच का भी आह्वान किया। ममता ने कहा कि जिस तरह से भाजपा राज्य को मिलने वाला फंड रोक रही है, गांधी जयंती के दिन दिल्ली में बड़ी संख्या में लोगों को ले जाकर केंद्र के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। उससे पहले पांच अगस्त को उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य में ब्लाक स्तर पर भाजपा नेताओं के घरों का घेराव करने को भी कहा।

हृदय नारायण सिंह

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने शुक्रवार को अपनी पार्टी की वार्षिक शहीद दिवस रैली के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए 2024 में भगवा दल को केंद्र से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। कोलकाता में राज्यभर से लाखों कार्यकर्ताओं की जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए ममता ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों के नवगठित गठबंधन इंडिया के प्रति अपनी एकजुटता जाहिर करते हुए स्पष्ट कहा कि हमें कोई पद या कुर्सी नहीं चाहिए, हमारा एकमात्र लक्ष्य भाजपा को सत्ता से हटाना है। ममता ने कहा कि अगले चुनाव में पूरा इंडिया एकजुट होकर लड़ेगा और हम भाजपा को हरायेंगे।

ममता ने अपनी स्थिति साफ करते हुए कहा, मुझे खुशी है कि 26 विपक्षी दल एक साथ आये हैं। अब से हमारा आह्वान जीतेगा भारत होगा। हमारे सभी भविष्य के कार्यक्रम इंडिया के बैनर तले आयोजित किये जायेंगे। इंडिया गठबंधन में तृणमूल एक सैनिक की तरह साथ खड़ी रहेगी। हालांकि करीब 43 मिनट के भाषण में अपनी ज्यादातर बातें हिंदी में रखते हुए ममता ने कांग्रेस का कोई नाम नहीं लिया।

भाजपा को हिंसा एवं मौत का सौदागर बताते हुए ममता ने लोगों से आह्वान किया कि इस सरकार को फेंक दो। भाजपा ने सभी सीमाएं पार कर दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भाजपा केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी तो देश में लोकतंत्र का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा।

**मणिपुर की घटना को लेकर घेरा**

मणिपुर में महिलाओं से बर्बरता की घटना का जिक्र करते हुए ममता ने कहा कि भाजपा की बेटी बचाओ योजना अब बेटी जलाओ में तब्दील हो गयी है। ममता ने आश्चर्य जताया कि केंद्र ने मणिपुर में कभी केंद्रीय दल भेजने का जहमत क्यों नहीं उठाया, जहां जातीय हिंसा में अब तक 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ममता ने कहा कि आज मणिपुर जल रहा है, पूरे देश में यही स्थिति है। उन्होंने मणिपुर के साथ अपनी एकजुटता जताते हुए सवाल किया, भाजपा ने बंगाल में पंचायत चुनाव के बाद कई केंद्रीय दल भेजे, लेकिन पूर्वोत्तर राज्य में कोई टीम क्यों नहीं भेजी गयी? ममता ने पीएम की भी आलोचना करते हुए कहा कि मणिपुर घटना की निंदा करने के बजाय इसकी तुलना अन्य राज्यों की घटनाओं से कर रहे हैं। ममता ने कहा कि मैं पीएम से पूछना चाहती हूं कि क्या मणिपुर की घटना से आपको दुख नहीं हुआ? कब तक बेटियां जलायी जायेंगी, दलित, अल्पसंख्यक मारे जायेंगे, लोग मारे जायेंगे? हम मणिपुर नहीं छोड़ेंगे, उत्तर पूर्व की बहनें हमारी बहनें हैं।

**महिलाएं आगामी चुनावों में भाजपा को जवाब देंगी :** ममता ने कहा कि मणिपुर में हमारी बेटियां मर रही हैं और भाजपा शासन के तहत यह कोई अकेली घटना नहीं है। यहां तक कि बिलकिस बानो मामले में भी भाजपा सरकार ने आरोपितों को छोड़ दिया था। इसी तरह, हमारी महिला पहलवानों के विरोध के बाद भी मुख्य आरोपित भाजपा सांसद को जमानत दे दी गयी। ममता ने कहा कि महिलाओं के सम्मान को धूमिल किया गया है और बेटियां और माताएं आगामी चुनावों में भाजपा को जवाब देंगी।

**बंगाल को बांटने की साजिश :** ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में हिंसा भड़काने और राज्य को बांटने की कोशिश कर रही है। वे पहाड़ को बंगाल से अलग करना चाहते हैं। वे राजबंशी और कामतापुरी के बीच दरार पैदा करना चाहते हैं। वे कुर्मियों और आदिवासियों के बीच हिंसा भड़काना चाहते हैं।

# 31 हजार रुपये रिश्वत लेते जेंडर को-ऑर्डिनेटर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बलांगीर डीपीसी अधिकारी समन्वयक पुष्पांगिनी जोशी रिश्वत लेते पकड़ी गयी। उसे स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक से रिश्वत लेते समय पकड़ा गया। गौरतलब है कि बलांगीर के पाटनागड ब्लॉक के सोलबंध कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पूर्व प्रधान शिक्षक मित्रभानु माझी बकाया बिल एडजस्टमेंट और एनओसी प्रमाण पत्र के लिए बारंबार बलांगीर के डीपीसी कार्यालय ने परेशान कर रहे थे। इस दायित्व में प्रभारी जेंडर को-ऑर्डिनेटर पुष्पांगिनी जोशी ने कागजात बनवाने के लिए 31 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। इस को लेकर मित्रावनु ने बलांगीर के बिजिलेंस विभाग से संपर्क किया। शुक्रवार को जब वे आफिस में रिश्वत की रकम ले रहे थे, तो विजिलेंस की टीम ने रंगेहाथ पकड़ा। बलांगीर, सोनपुर और संबलपुर की टीमें एक साथ रेड किया और पूरे पैसे जब्त कर लिये और प्रभारी जेंडर को-ऑर्डिनेटर पुष्पांगिनी जोशी को गिरफ्तार कर लिया।



# वेदांता एल्युमीनियम ने 'आर्टशाला' लांच की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, झारसुगुड़ा।** भारत में एल्युमीनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम ने ग्रामीण क्षेत्रों में सीखने के स्थानों को बदलने में मदद करने के लिए 'आर्टशाला' - एक अनूठी कर्मचारी स्वयंसेवी संचालित पहल शुरू की है। कंपनी ने इस कार्यक्रम की शुरुआत यूपी सरकारी स्कूल, पूर्णा में की, जहां कंपनी के कर्मचारी स्वयंसेवकों ने जीवंत बाल-अनुकूल भित्ति चित्र बनाये और इंटरैक्टिव शिक्षण स्थान बनाने की दिशा में स्कूल की दीवारों को बदलने में मदद की। 'आर्टशाला' पहल का उद्देश्य प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के लिए मजेदार और आकर्षक शिक्षण स्थान बनाना है।

यह असाधारण पहल 'बिल्डिंग एज लर्निंग एड' (बाला) की अभिनव अवधारणा से प्रेरणा लेती है जो युवाओं को प्रेरित करने के लिए कला की शक्ति का उपयोग करती है। स्कूल की दीवारें अब दृश्य शिक्षण उपकरणों से बदल गयी हैं, जिनमें वर्णमाला के अक्षरों की तस्वीरें, पेड़ों के हिस्से, नए शब्द, सप्ताह के दिन, संख्याएं और बहुत कुछ शामिल हैं। बच्चे गर्मियों की छुट्टियों के बाद एक उज्ज्वल और आकर्षक स्कूल में वापस आकर बहुत खुश थे और छात्रों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए, कंपनी इस पहल को झारसुगुड़ा के अधिक सरकारी स्कूलों में विस्तारित करने के लिए काम कर रही है।



'आर्टशाला' पहल पर टिप्पणी करते हुए सुनील गुप्ता सीओओ वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम बिजनेस ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में, हम जहां भी काम करते हैं, वहां के युवाओं, विशेषकर युवाओं के लिए विकास के अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'आर्टशाला' के साथ हमारा लक्ष्य छात्रों में सीखने को प्रेरित करना है। कला और शिक्षा के इस अनूठे संयोजन के माध्यम से, हम एक ऐसा वातावरण बनाना चाहते थे, जहां उनकी रचनात्मक क्षमता वास्तव में विकसित हो सके। हमारी शिक्षा पहल का उद्देश्य साक्षरता विभाजन को पाटना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सामुदायिक पहुंच में सुधार करना है।

कंपनी के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यूपी गवर्नमेंट स्कूल की प्रिंसिपल अंबिका नायक ने कहा कि हम वेदांत एल्युमीनियम को उनकी दूरदर्शी पहल 'आर्टशाला' के लिए धन्यवाद देते हैं जिसके माध्यम से उन्होंने समाज में शिक्षा के लिए एक अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। कला को सहयोगात्मक शिक्षण स्थानों में शामिल करके, कंपनी एक प्रेरणादायक वातावरण बना रही है, जो रचनात्मकता को बढ़ावा देती है और सीखने के जुनून को बढ़ावा देती है।

# एनटीपीसी इआर-II मुख्यालय ने लोयला उड़िया मीडियम स्कूल को खेल उपकरण प्रदान किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी इआर-II मुख्यालय के महुआ मजूमदार अध्यक्षा वसुदा महिला मंडल एनटीपीसी-इआर-II ने लयला उड़िया मीडियम स्कूल के छात्रों के उन्नति के लिए खेल उपकरण प्रदान किये। इसमें प्लेइंग किट, हॉकी स्टिक, फुटबॉल, वॉली बॉल, बास्केट बॉल, कैरम बोर्ड आदि शामिल हैं।




वसुदा महिला मंडल की अध्यक्षा महुआ मजूमदार ने शैक्षणिक और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में स्कूल की सेवाओं की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि लयला उड़िया मीडियम स्कूल के छात्रों को उनकी खेल प्रतिभा विकसित करने के लिए खेल उपकरण प्रदान करना एनटीपीसी का सौभाग्य था। इसे एनटीपीसी-इआर-II मुख्यालय सीएसआर पहल के एक हिस्से के रूप में और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को शिक्षा प्रदान करने के नेक काम के लिए लयला उड़िया मीडियम स्कूल के प्रति सद्भावना के संकेत के रूप में किया गया था।

स्कूल के प्रधानाध्यापक रेवरेंड फादर अजीत भल्ला ने सभा का स्वागत किया और इस दयालुता के लिए एनटीपीसी प्रबंधन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर वसुदा महिला मंडल की उपाध्यक्षा श्रीमती सिखा रस्तोगी और वसुदा महिला मंडल की अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

# श्याम मेटलिक्स ने संबलपुर में 50 मेगावाट की कैप्टिव फ्लोटिंग सौर ऊर्जा सुविधा स्थापित की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कोलकाता स्थित अग्रणी एकीकृत धातु उत्पादक कंपनी श्याम मेटलिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड (एसएमइएल) ओडिशा में 50 मेगावाट कैप्टिव फ्लोटिंग सोलर पावर प्रोजेक्ट स्थापित कर रही है। इस पहल के साथ, श्याम मेटलिक्स का लक्ष्य पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए काफी कम कार्बन फुटप्रिंट के साथ ओड़िशा राज्य में पहला धातु उत्पादक संगठन बनना है। श्याम मेटलिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड विकासशील राज्य ओड़िशा के साथ जुड़ा हुआ है और अपनी प्रमुख कंपनी मैसर्स के माध्यम से देश में भारत के शीर्ष लौह और इस्पात निमार्ताओं में से एक के रूप में खुद को पेश करने का विकल्प चुनता है। श्याम मेटलिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड (एसएमइएल)। रेंगाली, संबलपुर में कंपनी की एकीकृत इस्पात सुविधा की कुल इस्पात निर्माण क्षमता 3 एमटीपीए है। साथ ही 158 मेगावाट बिजली संयंत्र और 3.0 एमटीपीए पेलेट संयंत्र भी है। आज तक कारखाने में कुल निवेश 3000 करोड़ से अधिक है और इसमें 10,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं। कंपनी के निवेश बोर्ड ने अब सरकार की मदद को देखते हुए ओड़िशा राज्य में निवेश बढ़ाने का सुझाव दिया है। कंपनी 2025 तक 0.5जीडब्ल्यू नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने और अगले 3-5 वर्षों में 2जीडब्ल्यू की संयुक्त क्षमता बढ़ाने की भी योजना बना रही है। प्रोजेक्ट कमीशनिंग पर बोलते हुए, उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बृज भूषण अग्रवाल ने कहा कि बदलते माहौल और दुनिया भर में ग्राहकों की मांगों के मद्देनजर, हम पर्यावरण और सामाजिक रूप से जिम्मेदार प्रौद्योगिकियों और पहलों में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा, हम ओडिशा राज्य में सुविधाजनक रवैये और व्यापार करने में आसानी से काफी प्रोत्साहित हैं, इसलिए कंपनी ने आगे के निवेश का फैसला किया है और अब फ्लोटिंग सोलर जेनरेशन क्षमता के साथ कैप्टिव ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए 450 करोड़ रुपये निर्धारित किये हैं। हीराकुंड जलाशय में 50 मेगावाट (72 मेगावाटपी डीसी) की। हम ओड़िशा सरकार से पूरे 50 मेगावाट के फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र के निर्माण के लिए अनुकूल परिस्थितियों और ग्रिड कनेक्टिविटी के साथ हीराकुंड जलाशय पर 250 एकड़ भूमि आवंटित करने की मांग करते हैं। इसके अलावा हमने अपनी कंपनी की सीएसआर रणनीति का पालन करते हुए राज्य सरकार से पुरी के जगन्नाथ मंदिर में सोलर लाइटिंग स्थापित करने की अनुमति देने का भी अनुरोध किया है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**